ABHINAVASTOTRĀVALIḤ

of

Abhinavaguptapādācārya

(Text, Transliteration, Hindi & English Translation along with Elaborated Introduction etc.)

Edited & Translated by

Shashishekhar Chaturvedi

Chaukhamba Surbharati Prakashan

Varanasi

The

CHAUKHAMBA SURBHARATI GRANTHMALA

502

ABHINAVASTOTRĀVALIḤ

of

Abhinavaguptapādācārya

(Text, Transliteration, Hindi & English Translation along with Elaborated Introduction etc.)

Edited & Translated by

Dr. SHASHISHEKHAR CHATURVEDI

M.A., Ph.D., Sāhityācārya & Ex. U.G.C. J.R.F. & S.R.F.
Deptt. of Sanskrit, Faculty of Arts, Banaras Hindu University
Head, Department of Sanskrit
Jhambaba P. G. College
Surjupur, Ambedkarnagar

CHOWKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN

VARANASI

।। श्रीः ।।

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला

५०२

अभिनवगुप्तपादाचार्यप्रणीता

अभिनवस्तोत्रावलिः

(अभिनवगुप्त के स्तोत्रों का हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद एवं विस्तृत भूमिका सहित)

सम्पादक एवं अनुवादक

डॉ० शशिशेखर चतुर्वेदी

एम.ए. (संस्कृत), पीएच्.डी., साहित्याचार्य एवं पूर्व यू०जी०सी०,
कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अनुसन्धाता, संस्कृत विभाग,
कलासङ्काय, बनारस हिन्दू यूनिवरसिटी
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
झामबाबा पी०जी० कॉलेज
सूरजूपूर, अम्बेडकरनगर

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

वाराणसी

ISBN : 978-93-80326-61-0

प्रकाशक :

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

के-37/117 गोपाल मंदिर लेन, पोस्ट बॉक्स न. 1129

वाराणसी-221001

दूरभाष : (0542) 2335263

प्रथम संस्करण : 2011

मूल्य : 300.00

अन्य प्राप्तिस्थान :

चौखम्बा पब्लिशिंग हाऊस

4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)

गली न. 21-ए, अंसारी रोड़, दरियागंज

नई दिल्ली - 110002

दूरभाषः (011) 32996391, टेलीफैक्सः (011) 23286537

*

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

38. यू. ए. बंग्लो रोड़, जवाहर नगर,

पोस्ट बॉक्स न. 2113, दिल्ली - 110007

*

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बैंक ऑफ बड़ोदा भवन के पीछे)

पोस्ट बॉक्स न. 1069, वाराणसी-221001

मुद्रक

डीलक्स ऑफसेट प्रिंटर्स, दिल्ली

Foreword

Abhinavagupta was a versatile genius. He was a philosopher, poet and logician. As an encyclopaedic thinker, as a brilliant commentator and as a devoted poet, he reigns supreme. He was a prolific author. He wrote forty-five works covering various branches of philosophy and literature. His works are marked by originality and profundity. He founded new schools of Metaphysics and Aesthetics.

Abhinavagupta was a mystic and also a rationalist. He has significantly added new chapters to the history of Indian Aesthetics. His magnum opus the Tantrāloka, his searching Locana on the Dhvanyāloka of Ānandavardhana and his erudite commentary Abhinavabhāratī on the Nāṭyaśāstra of Bharata Muni are monumental works.

Abhinavagupta's contribution to the stotra literature has a distinct character and tenacious grip. His stotras have richness of thought, devotional fragrance, literary beauty and invigorating spirit. So the study of the stotras of Abhinavagupta is rewarding. With this puspose, Dr. Shashi Shekhar Chaturvedi has translated Abhinava's stotras into English and Hindi under the title 'Abhinavastotrāvaliḥ', which shows his genuine interest in the discipline.

I recommend the work to the students of literature and Kāśmīra Śaivism and hope it will be well received.

14.07.08
N 1/30, A-9
Nagwa
Varanasi-221005

A.N. Pandey
Former Professor and Head
Dept. of Sanskrit
Mahatma Gandhi Kashividyapith,
Varanasi

प्राक्कथन

भारतीय षड्दर्शनों के विपरीत एक ऐसी दार्शनिक विचारधारा का भारत की कश्मीरघाटी में उदय और विकास हुआ जिसे सम्पूर्ण विश्व आज काश्मीर शैव दर्शन के नाम से जानता है । भारत के अन्य दर्शन जहाँ केवल भोग अथवा मोक्ष का प्रतिपादन करते हैं वहीं काश्मीर शैव दर्शन जगत् और ब्रह्म (शिव) दोनों को सत् मानते हुए भोग और मोक्ष दोनों का प्रतिपादन करता है । इस प्रकार व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास में इस दर्शन की उपादेयता स्वत: सिद्ध है ।

आचार्य अभिनवगुप्तपाद इसी दर्शन के सर्वश्रेष्ठ आचार्य हैं । इन्होंने शिव और शक्ति की स्तुति में कुछ स्तोत्रों की रचना की है जिनका पहला हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद इस संस्करण में प्रस्तुत किया गया है और यह सत्प्रयास हमारे पुत्रतुल्य डॉ. शशिशेखर चतुर्वेदी ने किया है । इन्होंने हिन्दी भाषा प्रेमियों और हिन्दी न जाननेवाले अन्य विदेशी आदि संस्कृत-भाषा अनुरागियों के लिए उपर्युक्त दोनों भाषाओं में सटीक और सरल अनुवाद कर इसे हृद्य बनाते हुए सभी लोगों के लिए सहज उपलब्ध करा दिया है । अत: इस कार्य के लिए मैं इनको हृदय से धन्यवाद देता हूँ और विश्वास करता हूँ कि ये भविष्य में भी इस प्रकार के स्तरीय कार्य करते रहेंगे ।

प्रो. एस.पी.ओझा
कुलपति
चौधरी चरण सिंह
मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ

अनुवादक की कलम से

भक्तिमार्ग अन्य सभी मार्गों से उत्तम होता है । भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा कि ज्ञानयोग से पराभक्ति की प्राप्ति होती है और पराभक्ति से भगवत्प्राप्ति । भगवत्प्राप्ति ही मोक्ष है—

ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति ।
समः सर्वेषु भूतेषु मद्भक्तिं लभते पराम् ॥

—भ.गी. १८।५४

और—

भक्त्या माभिजानाति यावन्यश्चास्मि तत्त्वतः ।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ॥

—भ.गी. १८।५४

स्तोत्र ही उस पराभक्ति और मुक्ति का सर्वोत्तम उपाय है । महाकवि कालिदास ने भी 'स्तोत्रं कस्य न तुष्टये' कहकर स्तोत्रों के महत्त्व का प्रतिपादन किया है । प्रसिद्ध है कि अपने समय का सवश्रेष्ठ पण्डित रावण 'शिवताण्डवस्तोत्र' से भगवान् शङ्कर को प्रसन्नकर अपना मनोवाञ्छित प्राप्त करता था । अनेक विद्वानों के द्वारा रचित महान् स्तोत्रों की शृंखला में काश्मीर शैवदर्शन के सर्वश्रेष्ठ आचार्य अभिनवगुप्तपाद के द्वारा रचित स्तोत्र भी महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं । इन स्तोत्रों का अद्यावधि कोई अनुवाद नहीं हो पाया था । प्रस्तुत संस्करण में अभिनवगुप्त के स्तोत्रों का हिन्दी और आंग्लभाषा प्रेमियों—दोनों के लिए अनुवाद प्रस्तुत किया जा रहा है ।

'अभिनवस्तोत्रावलिः' शीर्षक के अन्तर्गत भैरवावतार अभिनवगुप्तपादाचार्य के द्वारा रचित और वर्तमान में प्राप्त होने वाले कुल दश स्तोत्रों का अनुवाद किया गया है । इनके स्तोत्रों में शिव और उसकी पराशक्ति की स्तुति की गयी है । इसमें शिव के विश्वोतीर्ण और विश्वमय अवस्था के साथ-साथ उसकी परा नामक शक्ति जो पुराणादि में लक्ष्मी, सरस्वती आदि अनेक नामों से जानी जाती है, का वर्णन है । इन स्तोत्रों में ज्ञानयोग एवं भक्तियोग की निर्मल धारा अविरल प्रवाहमान है । अन्य स्तोत्रों की अपेक्षा अभिनवगुप्त के स्तोत्र अलग महत्त्व रखते हैं क्योंकि इनमें भक्ति-भावना के साथ-साथ काश्मीर शैवदर्शन के

तत्त्वों एवं सिद्धान्तों का भी समावेश है । इसलिए ये स्तोत्र शोधकार्य की दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है ।

प्रस्तुत संस्करण में अनुवाद करते समय यह ध्यान रखा गया है कि भावों की अभिव्यक्ति में कोई स्खलन न हो फिरभी त्रुटियाँ मानव स्वभाव हैं इसलिए पाठकों एवं विद्वानों से उचित सुझाव अपेक्षित हैं जिनका बाद के संस्करण में संशोधन अवश्य कर दिया जायेगा ।

यह संस्करण दोनों भाषाओं के प्रेमियों, विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए उपादेय सिद्ध हो, यही भगवती पराशक्ति से प्रार्थना है । प्रस्तुत पुस्तक को पूर्ण करने में मेरे पिता प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी, का.हि.वि.वि. का महत्त्वपूर्ण योगदान है, बिना उनके सहयोग के यह पुस्तक पूर्ण न होपाती अत: मैं उनका अत्यन्त ऋणी हूँ । संस्कृत जगत् के मूर्धन्य विद्वान् प्रो० अमरनाथ पाण्डेयजी ने मेरे कार्य को योग्य समझकर जो आशीर्वचनस्वरूप आंग्लभाषा में विद्वतापूर्ण 'आमुख' लिखा, उसके लिए मैं उनके प्रति हृदय से कृतज्ञ हूँ । प्रो. एस.पी. ओझा जी के प्रति पुस्तक के प्राक्कथनरूपी आशीर्वचन लिखने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

प्रो० वाचस्पति उपाध्याय, कुलपति श्री ला०ब०शा० संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली के भी सुझाव और प्रोत्साहन के लिए अत्यन्त आभारी हूँ । अन्य विद्वानों प्रो० आर०सी० पण्डा, प्रो० पी०डी० सिंह (सभी संस्कृत, बी०एच०यू०), का भी आभारी हूँ । डॉ० ओ०पी० उपाध्याय, सी०एम०ओ०, बी०एच०यू० और प्रो० बी०एल० त्रिपाठी, अंग्रेजी विभाग, बी०एच०यू० के द्वारा इस पुस्तक के अंग्रेजी रूपान्तरण में किये गये सुधारों के लिए आभार व्यक्त करता हूँ । अपने अनुजद्वय डॉ० विजयनारायण तिवारी और डॉ० मृदुल तिवारी को धन्यवाद देता हूँ । अपनी दोनों पुत्रियों निष्ठा, आस्था और अपनी धर्मपत्नी श्रीमती विभा चतुर्वेदी और डॉ० रीमा को उनके द्वारा समय-समय पर किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ । पुस्तक की उत्तम प्रिंटिङ्ग कार्य के लिए श्रीरामरञ्जन मालवीय एवं प्रकाशन के लिए नवीन जी (चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन) को धन्यवाद देता हूँ ।

विनयावनत

शशिशेखर चतुर्वेदी

From the Translator's Pen

Bhaktimārga (devotion-path) is considered excellent among all the paths of salvation. Lord Śrī Kṛṣṇa preaching to Arjuna said that devotion is the most easy path by which one can attain liberation (or God) as—

भक्त्या मामभिजानाति यावन्यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्॥
—भ.गी. १८।५४

Bhaktyā mābhijānāti yāvanyaścāsmi tattvataḥ ।
Tato māṁ tattvato jñātvā viśate tadanantaram ॥
—Bh.G., 18।54

The stotras (hymns of praise) are very usual means of that Parā-bhakti and liberation. The great poet Kālidāsa has propounded the significance of the stotra—*'Stotraṁ kasya na tuṣṭaye'* in regard to please any being. It is well known that a great Paṇḍita of his time, Rāvaṇa having appeased Lord Śiva got all the things what ever he wanted. In the chain of the great stotras composed by different scholars, the stotras of Abhinavaguptapādācārya, the greatest scholar of Kāśmīra Śaiva philosophy, has assigned important place to both aspects of the Stotras, the philosophical and the devotional. The stotras of Abhinavagupta, translated in this edition have not been translated by any scholar till the present time. I am presenting the translation of the stotras of Abhinavagupta under the title *"Abhinavastotrāvaliḥ"* in this edition in Hindi as well as in English. In the translated stotras of Abhinavagupta, the tranascendental and the immanant states of Lord Śiva with his power Parā which is known by different names like Lakṣmī, Sarasvatī etc. in the Purāṇas and other scriptures are described. In these stotras, a very sacred, religious and philosohic stream of Jñānayoga and Bhaktiyoga is always current. These stotras have distinct importance in comparison to others, because the

elements and the principles of Kāśmīra Śaiva philosophy with feelings of devotion are delineated here. Therefore, these stotras are very significant from the research point of view.

While translating the text, full caie has been taken that the translated text remains quite close to the original. The suggestions from readers and scholars are always welcome which would be duly incorporated in the next edition of the work.

I am very grateful to my father Prof. Radheshyam Chaturvedi without whom I would have not been able to complete Stotrāvali. I am also thankful to Prof. Amar Nath Pandey, an extra-ordinary scholar of Sanskrit for his foreword to this book. I am also grateful to Prof. Vachaspati Upadhyaya, V.C., L.B.S. Sanskrit Vidyapith, Prof. R.C. Panda, Sanskrit Faculty B.H.U., Prof. P.D. Singh, Dr. O.P. Upadhyaya, C.M.O., B.H.U. and Dr. Sudhakar Malviya for their advice and inspiration. I also pay humble gratitude to Prof. B.L. Tripathi Dept. of English B.H.U. for his valuable suggestions. I wish to thank heartly Dr. V. N. Tiwari & Dr. Mridul Tiwari for their co-operation. I am also grateful to my wife Smt. Vibha Chaturvedi and daughters Nishtha and Astha and also to Dr. Reema for their love and inspiration.

For the publication and excellent printing I also thank Navinji and Sri Ramaranjan Malviya. This edition should prove useful to the lovers of Sanskrit and research scholars, My sincere solicitation to the Goddess Parāśakti.

Shashishekhar Chaturvedi

...❀...

विषयानुक्रमणिका
(Contents)

List of Abbreviations

A.Bh.	Abhinava Bhāratī
A.K.	Ādhāra Kārikā
Bh.G.S.	Bhagavad Gītārtha Saṅgraha
Dh.S.	Dhyāna Ślokaḥ by Madhurāja Yogin
E.H.I.	Early History of India by V.A. Smith
Gu.Pa.	Gurunātha Parāmarśa by Madhurāja Yogin
M.V.V.	Mālinī Vijaya Vārtika
P.T.V.	Parā Triṁśikā Vivaraṇa
R.P.	Rahasya Pañcadaśikā
S.C.	Stava Cintāmaṇi
S.D.	Śaṅkara Digvijaya
T.C.	Tanjore Catalogue

भूमिका

स्तोत्रों के इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा

महाकवि कालिदास के 'स्तोत्रं कस्य न तुष्टये' इस कथन के अनुसार संसार में ऐसा कोई प्राणी नहीं है जो स्तुति से प्रसन्न न होजाय । राजनीतिक ग्रन्थों में भी यह कहा गया है कि 'साम' अथवा 'स्तुति' के द्वारा राक्षसादि भयङ्कर सत्त्व भी वशीभूत होजाते हैं । इसी कारण दण्ड, भेद, दानादि नीतियों में 'साम' अथवा स्तुति (प्रशंसा) को ही सर्वोत्तम माना गया है । इसी कारण वेदों से लेकर इतिहास, पुराण और काव्यों में सर्वत्र सूक्त और स्तोत्र भरे पड़े हैं । वेद सम्पूर्ण विद्याओं और संस्कृत वाङ्मय की प्रत्येक विधा का मूल उत्स है, ऐसा प्रायः सभी विद्वान् एक स्वर से स्वीकार करते हैं । ऋग्वेद में पञ्चमहाभूतों—क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर की सूक्तों के रूप में बारम्बार स्तुति की गयी है । अग्निसूक्त, सवितृसूक्त, वरुणसूक्त, मरुत् सूक्तादि इस कथन के ज्वलंत प्रमाण हैं । वैदिकोत्तर काल में वेदों में स्तुत इन पञ्चमहाभूतस्वरूप प्रतीकात्मक प्राकृतिक शक्तियों को स्वरूपात्मक रूप प्रदान कर दिया गया । 'स्तोत्र' शब्द 'स्तु' धातु और 'ष्ट्रन्' प्रत्यय से निष्पन्न है जिसका अर्थ होता है—प्रशंसा, स्तुति, प्रशस्ति अथवा स्तुतिगान ।

महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' संस्कृत का आदि महाकाव्य है और इस महाकाव्य में उल्लिखित 'आदित्यहृदयस्तोत्र' लौकिक संस्कृत का पहला स्तोत्र है जिसमें आदित्य की अनेक नामों से स्तुति की गयी है । महर्षि वाल्मीकि के द्वारा ही रचित भगवती गङ्गा की स्तुति के रूप में 'गङ्गाष्टकम्' भी महत्त्वपूर्ण स्तोत्र है । भगवान् राम के समकालीन महान् पण्डित रावण के द्वारा रचित 'शिवताण्डवस्तोत्र' लौकिक संस्कृत में उपलब्ध प्राचीनतम् स्तोत्रों में से एक है । लौकिक संस्कृत का दूसरा उपजीव्य काव्य अथवा इतिहास 'महाभारत' है । इसमें अर्जुन और भगवान् श्रीकृष्ण के संवाद रूप में प्राप्त 'श्रीविष्णोरष्टाविंशति नामस्तोत्र' में भगवान् विष्णु के अट्ठाइस नामों का सङ्कीर्तन और इसी काल में महाभारत और अनेक पुराणों के रचयिता महर्षि व्यास के द्वारा रचित 'श्रीविश्वनाथाष्टकम्' और 'भगवतीस्तोत्रम्' स्तोत्र महत्त्वपूर्ण है । महाभारत में ही भगवान् शिव की स्तुति में प्रयुक्त श्लोक भी प्राप्त होते हैं जैसे पाशुपतास्त्र की प्राप्ति के लिए अर्जुन द्वारा की गयी भगवान् शङ्कर की

स्तुति । श्रीमद्भगवद्गीता में ब्रह्मविद्या के प्रसङ्ग में कृष्णार्जुन संवादरूप में प्राप्त 'सप्तश्लोकी गीता' नामक स्तोत्र भी महत्वपूर्ण है ।

'श्रीमद्भागवत महापुराण' के चतुर्थ स्कन्ध के नवें अध्याय में भक्त ध्रुव के द्वारा की गयी भगवान् विष्णु की स्तुति और सप्तम स्कन्ध के नवें अध्याय में भक्त प्रहलाद के द्वारा की गयी भगवान् विष्णु के नृसिंह रूप की स्तुति, प्राचीन स्तोत्रों की श्रेणी में आते हैं । इसी महापुराण के द्वितीय स्कन्ध के नवें अध्याय में भगवद्-ब्रह्मसंवाद नामक सन्दर्भ में 'चतुश्श्लोकी भागवत' और भीष्म के द्वारा की गयी भगवान् श्रीकृष्ण की स्तुति के रूप में 'भगवत्स्तुतिः' नामक स्तोत्र महत्त्वपूर्ण हैं । अध्यात्मरामायण के अरण्यकाण्ड में महात्मा जटायु के द्वारा और युद्धकाण्ड के तेरहवें सर्ग में ब्रह्मदेव के द्वारा की गयी राम की स्तुति भी ध्यातव्य है ।

आठवीं सदी के महान् विद्वान्, भगवान् शङ्कर के अवतार, अद्वैतवेदान्त के प्रतिष्ठापक आचार्य शङ्कर के द्वारा अनेक देवी-देवताओं की स्तुति हेतु रचे गये अनेक स्तोत्र प्राप्त होते हैं जिनका विवरण दी गयी सूची में द्रष्टव्य है । उपर्युक्त के अतिरिक्त अनेक देवी-देवताओं की स्तुति में श्रीरामानन्दाचार्य, तुलसीदास, यमुनाचार्य, ब्रह्मानन्दाचार्य, श्रीकूरेशस्वामी, श्रीवेंकटनाथ, पृथिवीपतिसूर और जयदेव आदि अनेक विद्वानों के स्तोत्र प्राप्त होते हैं । यहाँ उन स्तोत्रों के विषय में अत्यन्त विस्तृत रूप से उल्लेख करना हमारा लक्ष्य नहीं है । कुछ प्रमुख स्तोत्रों, स्तोत्रों के देवी-देवताओं और उन स्तोत्रों के रचयिताओं की सूची इस प्रकार है—

(क) विनयस्तोत्र—

१. षट्पदी (श्रीशङ्कराचार्य)

२. श्रीहरिशरणाष्टकम् (स्वामी श्रीब्रह्मानन्द)

३. न्यासदशकम् (श्रीवेंकटनाथ)

४. परमेश्वरस्तोत्रम्

(ख) शिवस्तोत्र—

५. शिवमानसपूजा (श्रीशङ्कराचार्य)

६. श्रीशिवापराधक्षमापनस्तोत्रम् (श्रीशङ्कराचार्य)

७. वेदसारशिवस्तवः (श्रीशङ्कराचार्य)

८. शिवाष्टकम् (श्रीशङ्कराचार्य)

९. श्रीशिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम् (श्रीशङ्कराचार्य)

१०. शिवताण्डवस्तोत्रम् (श्रीरावण)
११. श्रीरुद्राष्टकम् (गोस्वामी श्रीतुलसीदास)
१२. श्रीपशुपत्यष्टकम् (श्रीपृथ्वीपतिसूरि)

(ग) शक्तिस्तोत्र—
१३. ललितापञ्चकम् (श्रीशङ्कराचार्य)
१४. मीनाक्षीपञ्चरत्नम् (श्रीशङ्कराचार्य)
१५. देव्यपराधक्षमापनस्तोत्रम् (श्रीशङ्कराचार्य)
१६. भवान्यष्टकम् (श्रीशङ्कराचार्य)
१७. आनन्दलहरी (श्रीशङ्कराचार्य)
१८. महालक्ष्म्यष्टकम् (इन्द्र)
१९. श्रीसरस्वतीस्तोत्रम् (?)

(घ) विष्णुस्तोत्र—
२०. श्रीनारायणाष्टकम् (श्रीकूरेश स्वामी)
२१. श्रीकमलापत्यष्टकम् (श्रीब्रह्मानन्द स्वामी)
२२. परमेश्वरस्तुतिसारस्तोत्रम् (श्रीब्रह्मानन्द)
२३. मङ्गलगीतम् (श्रीजयदेव)
२४. श्रीदशावतारस्तोत्रम् (श्रीजयदेव)
२५. श्रीलक्ष्मीनृसिंहस्तोत्रम् (श्रीशङ्कराचार्य)
२६. श्रीरामरक्षास्तोत्रम् (श्रीबुधकौशिक ऋषि)

(ङ) रामस्तोत्र—
२७. श्रीरामाष्टकम् (श्रीब्रह्मानन्द स्वामी)
२८. श्रीसीतारामाष्टकम् (श्रीअच्युत यति)
२९. श्रीरामचन्द्रस्तुतिः (गोस्वामी श्रीतुलसीदास)
३०. श्रीराममङ्गलाशासनम् (श्रीवरवरमुनि)
३१. श्रीरामप्रेमाष्टकम् (श्रीयामुनाचार्य)
३२. श्रीरामचन्द्राष्टकम् (श्रीअमरदास)

(च) श्रीकृष्णस्तोत्र—
३३. गोविन्दाष्टकम् (श्रीब्रह्मानन्दं स्वामी)
३४. श्रीगोविन्दाष्टकम् (श्रीशङ्कराचार्य)

६३. द्वादशपञ्जरिकास्तोत्रम् (श्रीशङ्कराचार्य)

६४. गौरीशाष्टकम् (श्रीचिन्तामणि)

६५. सप्तश्लोकी गीता (श्रीमद्भगवद्गीता)

६६. चतुःश्लोकी भागवतम् (श्रीमद्भागवत २।९।३१-३७)

६७. श्रीमृत्युञ्जयस्तोत्रम् (श्रीपद्मपुराण)

उपर्युक्त स्तोत्रों के अतिरिक्त और भी अनेक स्तोत्र हैं लेकिन सभी का प्रस्तुतीकरण अत्यन्त कठिन है ।

शेषावतार अभिनवगुप्तपादाचार्य के स्तोत्र

शङ्कराचार्य के बाद १०वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में उत्पन्न महायोगी, अद्वितीय विद्वान्, भैरवावतार अभिनवगुप्तपादाचार्य के द्वारा रचित शिव एवं शक्ति की स्तुति के रूप में कुल दश स्तोत्र प्राप्त होते हैं जिनका हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत संस्करण में किया गया है । अतः इनके द्वारा रचित स्तोत्रों का यहाँ उल्लेख करना पिष्टपेषण मात्र होगा । इनके स्तोत्र भक्तिभाव से परिपूर्ण होते हुए भी दार्शनिक हैं । इनमें काश्मीर शैव दर्शन के अनेक पारिभाषिक शब्दों और सिद्धान्तों का समावेश है । इन स्तोत्रों में परमसत्ता से अभिन्न इन्द्रियग्राह्य संसार का वर्णन है। यही परमसत्ता ही अनुत्तर, परमार्थ, प्रपञ्चोत्तीर्ण और विश्वमूर्तिस्वरूप है । इन स्तोत्रों के अनुसार उस परमतत्त्व का साक्षात्कार ही मुक्ति का एकमात्र उपाय है। अनुत्तराष्टिका की यह पंक्ति—'संसारोऽस्ति न तत्त्वतः तनुभृतां बन्धस्य वार्तैव का' जयरथ द्वारा तन्त्रालोक पर अपनी टीका (३।९९) में उद्धृत की गयी है । इनमें वेदान्तियों के द्वारा प्रयुक्त होनेवाली कुछ उपमायें अक्षरशः उसी रूप में प्राप्त होती हैं, जैसे—'मिथ्यामोहकृदेष रज्जुभुजगच्छायापिशाचभ्रमो ।' लेकिन इसका आशय यह नहीं निकालना चाहिए कि संसार के विषय में त्रिक दर्शन का वेदान्त से कोई साम्य है । संसार के विषय में त्रिक दर्शन का आभासवाद और वेदान्तियों का विवर्तवाद एक दूसरे से सर्वथा भिन्न सिद्धान्त है ।

परमार्थद्वादशिका नामक स्तोत्र का दूसरा नाम 'अद्वयद्वादशिका' भी है क्योंकि इसके दूसरे श्लोक की यह पंक्ति—'यद्यतत्त्वपरिहारपूर्वकं तत्त्वमेसि तदतत्त्वमेव हि' रामाद्वयाचार्य ने चक्रपाणिनि के 'भावोपहार' पर अपनी टीका में उद्धृत करते हुए लिखा है—'अद्वयद्वादशिकायामपि ।'

क्रम और भैरव स्तोत्रों के अन्तिम श्लोक उनके रचनाकाल और अभिनवगुप्त के समय को दर्शाते हैं । भैरवस्तोत्र के प्रसङ्ग में प्राचीन काश्मीरी पण्डित परिवारों में आज भी विद्यमान एक परम्परा के अनुसार आचार्य

अभिनवगुप्त अपनी जीवन-लीला की समाप्ति के समय अर्थात् अपनी अन्तिम समाधि के लिए भैरवगुफा में प्रवेश करते समय इसी भैरवस्तोत्र का पाठ कर रहे थे ।

शिव के सहायक देवी-देवताओं का उल्लेख जो पुराणों में प्राप्त होता है वह शिव के द्वारा धारण किया गया पशुभाव है और वे सभी देवी-देवता स्वरूप से भिन्न होते हुए कर्म से अभिन्न होकर उन्हीं से सम्बन्धित हैं । यह विचार अभिनवगुप्त ने 'देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र' में अभिव्यक्त किया है । जैसे उनके दो द्वारपाल हैं—गणेश और बटुक । शरीर के नवद्वारों में दो द्वारों के रक्षक हैं और उनको क्रमशः प्राण और अपान कहा जाता है । इसी विचार को जयरथ ने अपनी तन्त्रालोक (१।६) की टीका में क्रमशः इस प्रकार लिखा है—'अस्य हि प्राणव्याप्तिरस्ति इत्येवं निर्दिशन्ती गुरवः' और 'वस्तुतो हि अपानव्याप्तिरस्यास्ति इत्येवं निर्देशः' । 'रहस्यपञ्चदशिका' में मुख्य रूप से परा की शिव अथवा परमशिव से अभिन्नरूप से अभिव्यक्ति है जो पुराणों में प्राप्त शिव और पार्वती सम्बन्धी धार्मिक मान्यताओं से प्रभावित है । परा ही लक्ष्मी[1] और सरस्वती[2] हैं । इस स्तोत्र में दार्शनिक विचार परा का पौराणिक एवं धार्मिक विचार पार्वती, लक्ष्मी एवं सरस्वती के साथ सामञ्जस्य स्थापित किया गया है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि अद्यतन प्राप्त भक्तिभावपूर्णमात्र स्तोत्रों की अपेक्षा अभिनवगुप्तपादाचार्य के द्वारा रचित स्तोत्रों में भक्त के भावों के साथ-साथ काश्मीर शैवदर्शन के तत्त्वों एवं सिद्धान्तों का भी उल्लेख है । अपने उक्त स्तोत्रों में दार्शनिक विचारों पर पौराणिक एवं धार्मिक मान्यताओं का रंग चढ़ाकर उनको और अधिक चमत्कारी और हृदयाह्लादक बना दिया है । इस प्रकार का कार्य करनेवाला सम्पूर्ण संसार में अभिनवगुप्त के अतिरिक्त न तो कोई दूसरा विद्वान् पैदा हुआ है और न होगा ।

...✿...

---

1. R.P.4
2. Ibid-7

स्तोत्र-रचयिता अभिनवगुप्त का जीवन-वृत्त

दो अभिनवगुप्त की अवधारणा

भरत मुनि के द्वारा प्रणीत 'नाट्यशास्त्र' के टीकाकारों में आचार्य अभिनवगुप्तपाद का नाम अमर है । भास, कालिदास आदि प्राचीन ग्रन्थकारों एवं आचार्यों की अपेक्षा अभिनवगुप्त का परिचय प्राप्त करना थोड़ा सरल है क्योंकि उन्होंने अपने ग्रन्थों में प्रायः अपने पूर्वजों का तथा ग्रन्थों के रचनाकालादि का वर्णन किया है । उनके द्वारा कृत उल्लेखों के आधार पर उनके समय का निर्धारण और कुछ साधारण परिचय आसानी से प्राप्त हो जाता है । पुनरपि उनके विषय में एक प्रश्न उत्पन्न हो गया है और उस प्रश्न को उत्पन्न करने का हेतु है 'माधव' द्वारा रचित 'शङ्करदिग्विजय' ग्रन्थ । इस ग्रन्थ में वेदान्तसूत्रों पर शाक्तदृष्टि से भाष्य करनेवाले अभिनवगुप्त नामक एक शाक्त मतानुयायी भाष्यकार का उल्लेख किया गया है । ये शाक्त मतावलम्बी भाष्यकार कामरूप (असम) के रहने वाले हैं और अपने समय के ख्यातिलब्ध विद्वान् तथा दार्शनिक माने जाते हैं । 'शङ्करदिग्विजय' ग्रन्थ में 'माधव' ने यह वर्णन किया है कि शाक्त अभिनवगुप्त के साथ शङ्कराचार्य ने शास्त्रार्थ करके उनको पराजित किया था । 'शङ्करदिग्विजय' का उक्त घटना से सम्बन्धित श्लोक इस प्रकार है—

तदनन्तरमेष कामरूपानधिगत्याभिनवोपशब्दगुप्तम् ।
अजयत् किल शाक्तभाष्यकारं स भग्नो मनसेदमालुलोचे ।

(शङ्करदिग्विजय १५-१५८)

स च भग्नोऽभिनवगुप्ताचार्यो मनसा इदं वक्ष्यमाणं विचारयामास ।

(शङ्करदिग्विजय टीका १५-१५८)

'माधव' द्वारा रचित 'शङ्करदिग्विजय' ग्रन्थ तथा इस पर लिखी गयी टीका, दोनों से यह स्पष्टरूप से ज्ञात होता है कि आचार्य शङ्कर ने असम में पहुँचकर शाक्त अभिनवगुप्त के साथ शास्त्रार्थ करके उनको परास्त किया । उस शास्त्रार्थ में पराभव को प्राप्त होने के बाद उस अभिनवगुप्त ने अपने हृदय में इस प्रकार विचार किया—

'शङ्करदिग्विजय' नामक ग्रन्थ में आगे शाक्त अभिनवगुप्त के हृदयस्थ विचारों का विस्तृत वर्णन किया गया है । यहाँ तो हमारा प्रयोजन मात्र इतने से ही है कि शङ्करदिग्विजय के अनुसार अभिनवगुप्त के साथ आचार्य शङ्कर का शास्त्रार्थ हुआ था जिसमें अभिनवगुप्त पराजित होगये थे । यहाँ प्रश्न यह है कि क्या यही अभिनवगुप्त भरतमुनि के नाट्यशास्त्र पर 'अभिनवभारती' नामक टीका लिखनेवाले अभिनवगुप्त हैं? या उक्त दोनों अलग-अलग व्यक्ति हैं । इस प्रश्न की समीक्षा इसलिए आवश्यक है क्योंकि बिना समीक्षा के अभिनवगुप्त का सटीक परिचय नहीं प्राप्त किया जासकता । अत: इस प्रसङ्ग में थोड़ा विश्लेषण आवश्यक है ।

स्वयं द्वारा सम्पादित अपने 'कैटलागस कैटलागरम' के प्रकाशित सूचीपत्र में 'शङ्करदिग्विजय' को सम्पादक डा. ऑफ्रेट ने 'सूक्ष्मशङ्करविजय' नाम से निर्दिष्ट किया है । इसके साथ ही उन्होंने उपर्युक्त श्लोकों के आधार पर अभिनवगुप्त के विषय में भी कुछ पंक्तियाँ लिखी है । यहाँ तक के वर्णन में तो कोई दुविधा नहीं थी । हम इन अभिनवगुप्त को 'अभिनवभारती' और 'लोचन' टीका के प्रणेता कश्मीर के अभिनवगुप्त से अलग मान सकते थे । लेकिन समस्या तो तब उत्पन्न होती है जब डा. ऑफ्रेट महोदय नाट्यशास्त्र के प्रसिद्ध टीकाकार विश्वविख्यात अभिनवगुप्त के ग्रन्थों में उपरिवर्णित श्लोकों में उल्लिखित शाक्तभाष्य को भी सम्मिलित कर देते हैं । इससे यह स्पष्ट होता है कि डॉ. ऑफ्रेट की दृष्टि में शाक्त भाष्यकार अभिनवगुप्त और लोचन टीकाकार अभिनवगुप्त दोनों एक ही व्यक्ति हैं । परन्तु यह बात युक्तियुक्त नहीं है । यह सम्भव प्रतीत होता है कि शङ्करदिग्विजय के कर्त्ता आचार्य माधव के मन में यह बात रही हो । आचार्य अभिनवगुप्त अपने समय के अद्वितीय विद्वान् तथा महान् दार्शनिक माने जाते थे । इस प्रकार की बहुमुखी प्रतिभा के धनी और अद्वितीय विद्वान् से शास्त्रार्थ और आचार्य शङ्कर के द्वारा उनकी पराजय के बिना शङ्कराचार्य की दिग्विजय पताका अधूरी रहती । इसलिए यह सम्भव है कि माधवाचार्य ने भी इसी लोचनकार अभिनवगुप्त की पराजय का वर्णन उक्त श्लोकों में किया हो । किन्तु इस प्रकार का कथन निराधार एवं असत्य है । इस कथन की असत्यता में दो कारण है । इसमें पहला तथ्य तो यह है कि प्रसिद्ध 'लोचन' टीकाकार अभिनवगुप्त शैवमतावलम्बी थे शाक्तमतावलम्बी नहीं। दूसरा तथ्य यह है कि वे कश्मीर के निवासी थे और शङ्करदिग्विजय में उल्लिखित अभिनवगुप्त कामरूप (असम) के निवासी थे । अभिनवभारतीकार और काश्मीर निवासी अभिनवगुप्त असम जा सकते हैं और शैव तथा शाक्त का अन्तर भी दृष्टिपटल से हटाया जा सकता है किन्तु सबसे बड़ी समस्या शङ्कराचार्य और अद्वितीय एवं कश्मीर के प्रसिद्ध विद्वान् अभिनवगुप्त के काल में है, जो लगभग दो सौ पचास वर्षों का अन्तराल है, उस अन्तराल को तो

किसी भी प्रकार से दूर नहीं किया जा सकता है । शङ्कराचार्य का जन्म समय ७८८ ईस्वी तथा स्वर्गारोहण का समय ८२० ईस्वी स्वीकार किया जाता है । मात्र ३२ वर्ष की अत्यल्प आयु में ही उनका शरीरावसान हो गया था । किन्तु अभिनवगुप्त (१०५०-६० ईस्वी)[१] का समय उनके लगभग २५० वर्ष बाद आता है । आचार्य अभिनवगुप्त के द्वारा लिखित 'क्रमस्तोत्र', 'भैरवस्तोत्र' तथा 'बृहतीविमर्शिनी' आदि ग्रन्थों से उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर उनका समय ११वीं शताब्दी का उत्तरार्ध सिद्ध होता है तथा शङ्कराचार्य का मृत्युकाल ९वीं शताब्दी के प्रारम्भ में पड़ता है । इस प्रकार दोनों के समय में जो लगभग २५० वर्षों का अन्तरालस्वरूप व्यवधान है, उससे यह स्वतः प्रमाणित होता है कि उपर्युक्त दोनों अभिनवगुप्त एक व्यक्ति नहीं होसकते । वस्तुतः यह प्रतीत होता है कि अभिनवगुप्त नामक किसी दूसरे व्यक्ति का कोई अस्तित्व ही नहीं था । केवल माधवाचार्य ने 'शङ्करदिग्विजय' में अपने चरित्र नायक शङ्कराचार्य के द्वारा प्रकाण्ड विद्वान् अभिनवगुप्तपादाचार्य की पराजय प्रदर्शित करने तथा उस निमित्त से अपने चरित्र नायक के उत्कर्षवर्धन के लिए समय आदि को सोचे-समझे बिना ही अभिनवगुप्तपाद के पराजय की यह तथाकथित कहानी अपने ग्रन्थ में वर्णित कर दी । उपर्युक्त सम्पूर्ण वर्णन ही वास्तविकता से परे तथा कल्पनाप्रसूत मात्र प्रतीत होता है । यदि ग्रन्थकार की महत्ता की रक्षा के लिए कुछ क्षण के लिए यह स्वीकार भी कर लिया जाय कि अभिनवगुप्त नाम के कोई शाक्त भाष्यकार भी थे और उनको शिवावतार भगवान् शङ्कराचार्य ने शास्त्रार्थ में पराजित किया था तो यह स्वतः सिद्ध है कि वह अभिनवगुप्त प्रसिद्ध काश्मीरी तथा काश्मीर शैवदर्शन के श्रेष्ठतम आचार्य अभिनवगुप्त से अवश्य ही भिन्न व्यक्ति रहे होंगे । इस शास्त्रार्थ के विषय में मेरा यह विचार है कि भैरवावतार एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी और अतीन्द्रिय ज्ञान से सम्पन्न अभिनवगुप्तपादाचार्य कभी शङ्कराचार्य से पराजित ही नहीं हो सकते थे । अभिनवगुप्त भी आचार्य शङ्कर के समान बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे । यह बात उनके द्वारा काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ 'ध्वन्यालोक' पर 'लोचन' और 'नाट्यशास्त्र' पर 'अभिनवभारती' नामक लिखी गयी टीकाओं से ज्ञात होती है। आचार्य शङ्कर का एक भी ग्रन्थ वेदों, उपनिषदों तथा इन्हीं से सम्बद्ध विषयों को छोड़कर किसी भी अन्य विषय से सम्बन्धित नहीं है और तो और उनके द्वारा लिखित काव्य 'सौन्दर्यलहरी' तो आगम शास्त्र के मतों एवं सिद्धान्तों का ही उपकारक ग्रन्थ बन गया है । इसलिए डॉ. ऑफ्रेट ने अभिनवभारतीकार कश्मीरी अभिनवगुप्त के द्वारा रचित ग्रन्थों की सूची में शाक्त भाष्य को भी सम्मिलित कर लिया है वह नितान्त अतार्किक एवं निराधार है ।

---

1. Prof. K.C. Panday 'Abhinavagupta'.

स्तोत्रप्रणेता अभिनवगुप्त के नाम का रहस्याख्यान

(क) प्रत्यभिज्ञादर्शन के सर्वश्रेष्ठ आचार्य और अभिनवभारती तथा लोचन टीकाओं के प्रणेता अभिनवगुप्त अपने जिस अभिनवगुप्त नाम से प्रसिद्ध है सम्भवतः यह उनके जन्म का वास्तविक नाम नहीं है । उनके जन्म का नाम कुछ दूसरा ही था । यह नाम उनके गुरु के द्वारा उनके गुणों के आधार पर रखा गया है । ऐसा उनके पूर्ववर्ती विद्वान् स्वीकार करते है और अभिनवगुप्त के वर्णनों से भी यह बात प्रमाणित हो जाती है । अभिनवगुप्त का सम्पूर्ण नाम अभिनवगुप्तपाद है और उसके साथ सम्मान सूचक आचार्य शब्द भी लगाया जाता है इसी कारण उनको सम्मान के साथ अभिनवगुप्तपादाचार्य कहा जाता है । काव्यप्रकाश के रचयिता आचार्य मम्मट ने काव्यप्रकाश के चतुर्थ उल्लास में भरतमुनि के रससूत्र के विवेचन के प्रसङ्ग में जहाँ एक ओर भट्टलोल्लट, आचार्य शङ्कुक और भट्टनायकाचार्य के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है वहीं दूसरी ओर उसके साथ ही 'इति अभिनवगुप्तपादाचार्याः' वाक्य लिखकर अभिनवगुप्त के सिद्धान्त का भी विशद् वर्णन किया है । इस स्थान पर काव्यप्रकाश की 'बालबोधिनी' टीका में आचार्य वामन ने अभिनवगुप्तपाद नाम का रहस्य प्रतिपादित करते हुये इस प्रकार लिखा है—

'इदमत्र रहस्यं, पुरा किल क्वचिद्वलभौ पठतां बहूनां ब्राह्मणबालकानाम-ध्ययनशालासीत् । तत्र पठन् कश्चिद् गौडबालोऽति सौबुद्ध्यान्तमुखरत्वाच्च निखिलानां बालानां भयप्रदत्वेन बालवलभीभुजङ्ग इति गुरुणा व्यपदिष्टः । स चाचार्यतामुपगतः इति सकलरहस्याभिज्ञः श्री वाग्देवतावतारो (मम्मटः) गूढं तन्नाम 'अभिनवगोपानसीगुप्तपाद' यदि वैदग्ध्यमुखेनाभिव्यनक्ति ।'

उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर अभिनवगुप्तपाद इस नाम में 'अभिनव' पद नवीन अर्थात् बाल्य अर्थ का और 'गुप्तपाद' सर्प अर्थ का व्यञ्जक है । सर्प के पैर नहीं होते वे गुप्त रहते हैं । वे अपने वक्षस्थल की हड्डियों के बल से ही आगे चलता है इसलिऐ उसको 'गुप्तपाद' कहते हैं । सर्प को देखकर जैसे लोग भयभीत हो जाते हैं उसी प्रकार अपने बाल्यावस्था में अभिनवगुप्त बहुत ही उद्दण्ड प्रकृति के थे तथा अपने सहपाठियों को हमेशा डराते रहते थे । इसी कारण उनके गुरु ने अन्य विद्यार्थियों के लिए सर्प के समान भयोत्पादक होने के कारण उनका नाम अभिनवगुप्तपाद रख दिया था । यही वामनाचार्य की टीका में अभिनवगुप्तपाद नाम का गोपनीय वर्णन है ।

आचार्य वामन के उक्त कथानक में किस सीमा तक वास्तविकता है इसका आकलन नहीं किया जा सकता । परन्तु एक बात तो उसमें अवश्य ही सन्देह उत्पन्न करती है कि इन पंक्तियों में उन्होंने अभिनवगुप्तपाद को 'गौडबाल' कहा

है । अभिनवगुप्त तो कश्मीर प्रदेश में उत्पन्न हुये थे उनके लिए 'गौडबाल' शब्द का प्रयोग कदाचित् उचित प्रतीत नहीं होता है । परन्तु इस कथानक का महत्त्वपूर्ण अंश इतना ही है कि अभिनवगुप्तपाद यह नाम अभिनवगुप्त का अपने जन्म का नाम नहीं था अपितु गुरुप्रदत्त नाम था । अभिनवगुप्त के द्वारा रचित 'तन्त्रालोक' नामक ग्रन्थ के इस वाक्य से भी उक्त कथन की पुष्टि होती है—
'अभिनवगुप्तस्य कृतिः सेयं यस्योदिता गुरुभिराख्या ।'—तन्त्रालोक (१-१५०)

अर्थात् यह उस अभिनवगुप्तपादाचार्य का ग्रन्थ है जिसका यह अभिनव-गुप्तपाद नाम गुरुओं ने रखा है । जब तन्त्रालोककार अभिनवगुप्त स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनका अभिनवगुप्तपाद यह नाम गुरुओं ने रखा है तो वामनाचार्य ने जो इसका कारण बतलाया है वह भी उचित ही होगा अपने शैशवावस्था में अभिनवगुप्त की उद्दण्डता इत्यादि को देखकर ही गुरुजनों ने उनको इस नाम से विभूषित किया होगा और धन्य हैं अभिनवगुप्तपादाचार्य जिन्होंने गुरुओं के द्वारा दिये हुये इस नाम को सहर्ष स्वीकार कर लिया ।

(ख) भारत के दक्षिण प्रांत में भरतनाट्यम् का बहुत अधिक प्रचार-प्रसार है । वहाँ के नर्तक भरत के द्वारा रचित नाट्यशास्त्र में दिये हुये नियमों का कठोरता के साथ पालन करते हुये ही नृत्य करते हैं । भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय में नृत्य के विवेचन के प्रसङ्ग में जिस प्रकार के 'अङ्गहारों' और 'करणों' आदि का विवेचन किया है उन सभी का वे दक्षिण भारतीय नर्तक लोग अक्षरशः पालन करते हैं । भरतमुनि के द्वारा उनके नाट्यशास्त्र में प्रतिपादित १०८ करणों के प्रकारों के चित्र वहाँ के मन्दिरों में प्रस्तर की मूर्तियों के रूप में चित्रित किये गये हैं । इन 'भरतनाट्यम्' के अभिनेता नर्तकों के द्वारा अभिनवगुप्त को शेषनाग का अवतार स्वीकार किया जाता है । यह अभिनवगुप्तपाद नाम उनके शेषावतार होने का प्रतीक है । इस प्रकार की दक्षिण भारतीयों की विचारधारा है अर्थात् वे शेषनाग के अवतार थे इसीलिए उनका नाम अभिनवगुप्तपाद रखा गया होगा ।

अभिनवगुप्त की वंश-परम्परा

अभिनवगुप्तपादाचार्य ने स्वरचित ग्रन्थों में अपने पूर्वजों का वर्णन अत्यन्त विस्तार के साथ किया है । उन ग्रन्थों पर दृष्टिपात करने पर यह ज्ञात हो जाता है कि यद्यपि अभिनवगुप्त कश्मीर के निवासी थे परन्तु उनके पूर्वज मूलतः कश्मीर के रहनेवाले नहीं थे । वे वर्तमान उत्तर प्रदेश के कन्नौज नगर (कानपुर और आस-पास का क्षेत्र) जो कि एक समय में एक प्रमुख राज्य था, के रहने वाले थे । अभिनवगुप्त के पूर्वज अत्रिगुप्त अभिनवगुप्त के जन्म से सम्भवतः २०० वर्ष पूर्व आठवीं शताब्दी में कन्नौज से जाकर कश्मीर में रहने

लगे थे। अत्रिगुप्त का कश्मीर में जाना एक विशिष्ट घटना है और इसमें कारण यह है कि आठवीं शताब्दी में यशोवर्मा नामक राजा का कन्नौज पर अधिकार था जिनका समय ७३०-४० ईस्वी के आस-पास है तथा उसी समय कश्मीर प्रदेश पर राजा ललितादित्य (७२५-७६१ ईस्वी) शासन करते थे। यशोवर्मा के साथ हुए युद्ध में राजा ललितादित्य ने उनको पराजित कर दिया। इस युद्ध का उल्लेख कल्हण द्वारा रचित कश्मीर के ऐतिहासिक ग्रन्थ 'राजतरङ्गिणी' में पाया जाता है। अत्रिगुप्त के अद्वितीय पाण्डित्य और ब्राह्मणोचित सम्पूर्ण गुणों के विषय में राजा ललितादित्य पहले ही जान चुके थे। उस समय के राजागण गुणग्राही, विद्वताप्रिय तथा विद्वानों का सम्मान करनेवाले होते थे। वे लोग धनसम्पत्ति के संग्रह की ओर कम ध्यान देते थे। वे विद्वानों को एकत्र करने में प्रसन्नता और आत्मगौरव समझते थे। यही उक्ति कश्मीर नरेश ललितादित्य के विषय में भी चरितार्थ होती थी। जब वह अत्रिगुप्त की अति विद्वता के समाचार से अवगत हुए तो ललितादित्य ने स्वयं अत्रिगुप्त से कश्मीर में आने के लिए प्रार्थना किया और आदरपूर्वक उनको कश्मीर में बसाया तथा उनके जीविकोपार्जन के लिए उन्हें एक विशाल भूसम्पत्ति भी दान करदी। आचार्य अभिनवगुप्त ने इस घटना का वर्णन अत्यन्त विस्तार के साथ किया है। भारतीय क्षेत्र में गङ्गा तथा यमुना नदियों के बीच का क्षेत्र 'अन्तर्वेदी' के नाम से जाना जाता है। कन्नौज राज्य भी इसी अन्तर्वेदी की सीमा के अन्दर था। इसी क्षेत्र में कहीं पर अत्रिगुप्त की मातृभूमि थी। इसी अन्तर्वेदी क्षेत्र से जाकर अत्रिगुप्त कश्मीर की धरती पर बस गये थे। इस घटना का उल्लेख आचार्य अभिनवगुप्त ने 'परात्रींशिका विवरण' में इस प्रकार किया है—

अन्तर्वेद्यामत्रिगुप्ताभिधानः
प्राप्योत्पत्तिं प्राविशत् प्राग्रजन्मा।
श्रीकाश्मीरांश्चन्द्रचूडावतार-निः
संख्याकैः पावितोपान्तभागान्॥

—(परात्रिंशिका विवरण २८०)

उपर्युक्त श्लोक में अत्रिगुप्त के अन्तर्वेदी भूभाग में पैदा होकर कश्मीर में जाकर निवास करने की घटना का सामान्य रूप से कथन किया गया है। परन्तु उनके कश्मीर जाने का कारण और उनके सम्मान-सूचक कथा का उक्त श्लोक में कोई भी वर्णन नहीं है लेकिन अभिनवगुप्त ने अपने 'तन्त्रालोक' (तन्त्रागम के विश्वकोष) नामक ग्रन्थ में अत्रिगुप्त द्वारा कन्नौज राज्य छोड़कर कश्मीर में जाकर निवास करने की सम्पूर्ण कथा को इस प्रकार लिखा है—

निःशेषशास्त्रसदनं किल मध्यदेशः,
तस्मिन्नजायत् गुणाभ्यधिको द्विजन्मा।
कोऽप्यत्रिगुप्त इति नामनिरुक्तगोत्रः,
शास्त्राब्धिचर्वणकलोद्यगस्त्यगोत्रः॥
तमथ ललितादित्यो राजा स्वकं पुरमानयत्।
प्रणयरभसात् काश्मीराख्यं हिमालयमूर्धगम्॥
(तन्त्रालोक अ० २७)

उपर्युक्त श्लोक का अर्थ है कि (मध्यदेश) अन्तर्वेदी भाग सम्पूर्ण शास्त्रों में पारङ्गत विद्वज्जनों का सदन है। इसी क्षेत्र में सम्पूर्ण शास्त्ररूपी सागर को पी जानेवाले ऋषि अगस्त्य गोत्र में अत्रिगुप्त नामक गुणशाली अद्वितीय विद्वान् पैदा हुए और कश्मीर प्रदेश का राजा ललितादित्य उनको आदर और प्रेम के साथ हिमालय पर्वत के शिखर पर स्थित अपने कश्मीर राज्य में ले गया। अत्रिगुप्त को ससम्मान कश्मीर लेजाने के पश्चात् कश्मीरनरेश ने उनके लिए जो व्यवस्था की, उसका वर्णन अभिनवगुप्तपादाचार्य ने अपने ग्रन्थ तन्त्रालोक में इस प्रकार किया है—

तस्मिन् कुबेरपुरचारु सितांशुमौलि-
साम्मुख्यदर्शनविरूढपवित्रभागे।
वैतस्तरोधसि निवासममुष्य चक्रे,
राजा द्विजस्य परिकल्पितभूमिसम्पत्॥

अर्थात् विद्वान् अत्रिगुप्त को कश्मीर लेजाकर ललितादित्य ने वहाँ चन्द्रमौलि भगवान् शङ्कर के मन्दिर के सामने होने से जो और भी अधिक पवित्र हो जाता था; इस प्रकार की (वितस्ता) नदी के तटपर इनके लिए एक भव्य भवन का निर्माण कराया और उन्हें एक विशाल जागीर देकर कश्मीर का निवासी बना दिया। इस प्रकार अपने लगभग २०० वर्ष पहले के पूर्वज अत्रिगुप्त के कश्मीर गमन की कथा का अभिनवगुप्त ने अतिविस्तृत वर्णन किया है। उसके पश्चात् मध्य में बहुत समय का विवरण छोड़कर अपने पितामह वराहगुप्त से पुनः इतिहास का श्रीगणेश किया और आगे के श्लोकों में वे अपने बाबा वराहगुप्त, पिता नृसिंहगुप्त, चाचा तथा भाइयों आदि का वर्णन करते हैं। अभिनवगुप्त अपने बाबा का वर्णन इस प्रकार करते हैं—

तस्यान्वये महति कोऽपि वरागुप्त-
नामा बभूव भगवान् स्वयमन्तकाले।
गीर्वाणसिन्धुलहरीकलिताग्रमूर्धा-
यस्याकरोत् परमनुग्रहमाग्रहेण॥

अपने बाबा के वर्णन के पश्चात् वे अपने पिता का वर्णन इस प्रकार करते हैं—

तस्यात्मजः चुखलुकेति जने प्रसिद्ध-
श्चन्द्रावदातधिषणो नरसिंहगुप्तः ।
यं सर्वशास्त्ररसमज्जनशुभ्रचित्तं
माहेश्वरी परमलङ्कुरुते स्म भक्तिः ॥

अर्थात् अत्रिगुप्त के कुल में वराहगुप्त उत्पन्न हुए जो स्तोत्रों के प्रणेता अभिनवगुप्त के बाबा थे कालान्तर में नृसिंहगुप्त जो वराहगुप्त के पुत्र थे, पैदा हुए । लोग उनको 'चुखलुक' के नाम से पुकारते थे । इसी नाम से वे प्रसिद्ध थे । अभिनवगुप्त के चाचा का नाम वामनगुप्त था । नाट्यशास्त्र की टीका अभिनवभारती में अभिनवगुप्त ने वामनगुप्त के द्वारा रचित एक श्लोक विशेष रूप से उद्धृत किया है जो उनके एक कुशल कवि होने का प्रमाण है । उनके नाम के साथ यह श्लोक इस प्रकार है—

तत्र हास्याभासो यथास्मत्पितृव्यस्य वामनगुप्तस्यः—

लोकोत्तराणि चरितानि न लोक एष
सम्मन्यते यदि किमगवदाम नाम ।
यत्वत्र हासमुखरस्तत्वममुष्य तेन
पार्श्वोपपीडमिह को न विजाहसीति ॥

उपर्युक्त श्लोक में वामनगुप्त को अभिनवगुप्त ने अपना चाचा स्वीकार किया है । एक अन्य श्लोक में वे अपने दूसरे सम्बन्धियों और अपने पाँच चचेरे भाइयों का उल्लेख इस प्रकार करते हैं—

अन्ये पितृव्यतनयाः शिवभक्तिशुभ्राः
क्षेमोत्पलाभिनवचक्रपद्मगुप्ताः ।
ते सम्पदं तृणमसंत शम्भुसेवा-
सम्पूरितं स्वहृदयं हृदि भावयन्तः ॥

अर्थात् क्षेमगुप्त, उत्पलगुप्त, अभिनवगुप्त, चक्रकगुप्त तथा पद्मगुप्त—ये पाँच उनके चचेरे भाइयों के नाम हैं जो भगवान् शङ्कर की आराधना के सम्मुख धन सम्पत्ति आदि वैभव को तिनके के समान अत्यन्त तुच्छ समझते थे ।

श्रीमधुसूदन कौल की भ्रान्त धारणा

आचार्य अभिनवगुप्त के कथनों के आधार पर ही उनके पितामह, पिता, पितृव्य तथा भाइयों आदि अन्य सम्बन्धियों का जो ऊपर वर्णन किया गया है उसमें कश्मीर शोध विभाग के श्रीमधुसूदन कौल महोदय ने एक सन्देह पैदा

कर दिया है । उन्होंने 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' की भूमिका के पृष्ठ सात पर इस प्रकार लिखा है—

'अभिनवगुप्त ने प्रत्यभिज्ञाशास्त्र का अध्ययन अपने पिता लक्ष्मण गुप्त से किया जो नृसिंहगुप्त के पुत्र और आचार्य उत्पलदेव के शिष्य थे ।'

कौल महोदय का उक्त कथन सर्वथा असङ्गत एवं निराधार है । लक्ष्मणगुप्त अभिनवगुप्त के गुरु थे न कि पिता । लक्ष्मणगुप्त ने अभिनवगुप्त को प्रत्यभिज्ञाशास्त्र पढ़ाया था । इसीलिए 'मालिनीविजयवार्तिक' में प्रत्यभिज्ञाशास्त्र की शिक्षा देनेवाले लक्ष्मणगुप्त को अभिनवगुप्त ने अपने गुरु के रूप में स्वीकार किया है न कि अपने पिता के रूप में । गुरु शब्द शिक्षक का वाचक है, पिता का नहीं तथा अभिनवगुप्त लक्ष्मणगुप्त के पुत्र भी नहीं हैं । लक्ष्मणगुप्त को गुरु के रूप में स्मरण से सम्बन्धित वह श्लोक अभिनवगुप्त के द्वारा इस प्रकार लिखा गया है—

तद्दृष्टिसंसृतिच्छेदि-प्रत्यभिज्ञोपदेशिनः ।
श्रीमल्लक्ष्मणगुप्तस्य गुरोर्विजयते वचः ॥

—मालिनीविजयवार्तिक २

इस प्रकार कौल जी का उपर्युक्त सम्पूर्ण कथन ही अज्ञानतापूर्ण और भ्रामक है ।

अभिनवगुप्तपादाचार्य का जीवन-वृत्तान्त

अभिनवगुप्त के परिवार से सम्बन्धित जो उपर्युक्त वर्णन किया गया है उस पर दृष्टिपात करने पर यह पता चलता है कि अभिनवगुप्त के पिता एक महान् विद्वान् तथा भगवान् शिव के परमाराधक थे । इनकी माता भी परम धार्मिक महिला थी । अभिनवगुप्त अपनी माता एवं पिता के 'योगिनीभू' सन्तान थे । अतः एक 'योगिनीभू' पुत्र के जो लक्षण होते हैं वे सभी लक्षण उनमें विद्यमान थे । आचार्य अभिनवगुप्त ने 'योगिनीभू' पुत्र में पाये जानेवाले गुणों का वर्णन 'तन्त्रालोक' में इस प्रकार किया है—

रुद्रशक्तिसमावेशस्तत्र नित्यं प्रतिष्ठितः ।
सति तस्मिंश्च चिन्हानि तस्यैतानि विलक्षयेत् ॥
तत्रैतत् प्रथमं चिह्नं रुद्रे भक्तिः सुनिश्चला ।
द्वितीयं मन्त्रसिद्धिः स्यात् सद्यः प्रत्ययकारिका ॥
सर्वतत्त्वशिवत्वं च तृतीयं लक्षणं स्मृतम् ।
प्रारब्धकार्यनिष्पत्तिश्चिन्हमाहुश्चतुर्थकम् ॥

कवित्वं पञ्चमं ज्ञेयं सालङ्कारं मनोहरम्।
सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्वमकस्माच्चास्य जायते॥
—तन्त्रालोक टीका ८।१३७

उपर्युक्त सम्पूर्ण लक्षण अभिनवगुप्त में थे जिनका उल्लेख आचार्य जयरथ ने 'तन्त्रालोक' की अपनी टीका में इस प्रकार किया है—

'समस्तं चेदं चिह्नजातमस्मिन्नेव
ग्रन्थकारे प्रादुरभूदिति प्रसिद्धिः।'

इस प्रकार के अत्यन्त पवित्र एवं उत्कृष्ट वातावरण में पलने और रहने तथा इतने उत्कृष्ट चरित्र के मानव होने पर भी उनका जीवन कष्टों से परिपूर्ण था। उनके जीवन में कहीं भी मिठास नहीं थी। आद्योपान्त उनका जीवन शुष्क और नीरस था। बचपन में ही उन पर से उनके माता-पिता की स्निग्ध मधुर छत्रछाया का उठ जाना ही उनके जीवन की शुष्कता और नीरसता का कारण थी। जीवन का माधुर्य और सरसता केवल दो ही स्थलों पर प्राप्त हो सकती है, एक तो माता के वात्सल्य, प्रेमयुक्त गोद में और दूसरी पत्नी के विलासपूर्ण आलिङ्गन पाश में; परन्तु विधि की विडम्बना के आगे किसी का वश नहीं चलता और परिणामस्वरूप अभिनवगुप्त को उक्त दोनों सुखों से वञ्चित होना पड़ा। वे कोई भी सुख नहीं प्राप्त कर सके। माँ की मधुरता से परिपूर्ण गोद उनको मिली तो अवश्य लेकिन बहुत ही अल्पकाल के लिए। उनकी माँ बचपन में ही उनको छोड़कर स्वर्ग चली गयीं—

'माता व्ययूयुजदमुं किल बाल्य एव।'

बचपन में ही माता के वात्सल्यपूर्ण आँचल से वञ्चित बालक के जीवन का पूर्णतः शुष्क तथा नीरस होजाना स्वाभाविक ही था। दार्शनिकता की ओर पग बढ़ाने के लिऐ जीवन की यही शुष्कता और नीरसता प्रेरणा देती है। अभिनवगुप्त की माता के वियोग ने भी उनको दर्शन के पथ पर चलने को विवश कर दिया। उन्होंने माता के वियोगरूपी घटना को भी एक दार्शनिक की तरह आगामी कल्याण के सूचक के रूप में स्वीकार किया और उसे अपने आगामी जीवन के संस्कार का उत्कर्षक स्वीकार कर उस पर मनस्तोष व्यक्त करते हुए तन्त्रालोक में लिखा है—

माता व्युयूजदमुं किल बाल्य एव
दैवो हि भावि परिकर्मणि संस्करोति।
—तन्त्रालोक ३७

परन्तु यह दार्शनिक सन्तोष तो केवल मन की सान्त्वना के लिए ही है। वह वात्सल्य प्रेम की माधुर्ययुक्त स्मृतियों को अल्प समय के लिए ही विस्मृत

कर सकता है सर्वदा के लिए कदापि नहीं । आचार्य अभिनवगुप्त भी अपनी माता को भूलने में समर्थ न हो सके । माता का वियोग रूपी दुःख उन्हें जीवन-पर्यन्त मर्मान्तक पीड़ा पहुँचाता रहा । इसी कारण उन्होंने तन्त्रालोक में अपनी माता के स्नेह को अत्यन्त करुण शब्दों में अभिव्यक्त करते हुए लिखा है—

माता परं बन्धुरिति प्रवादः
स्नेहोऽति गाढीकुरुते हि पाशान्।

—तन्त्रालोक ३७

उपर्युक्त श्लोक में अभिनवगुप्त के हृदय में स्थित मानो मातृ वियोगरूपी धारा निकल पड़ी है । माता के वियोग का दुःख अपने आप में ही महान् आपदा है परन्तु बालक अभिनवगुप्त के तो ऊपर माता के वियोग के साथ ही साथ पिता के वियोग का भी तुषारापात् हो गया । उनके पिता उनकी माता से अगाध लगाव रखते थे । उनके देहावसान के बाद नृसिंहगुप्त के लिए यह सम्पूर्ण संसार शून्य तथा जीर्ण-शीर्ण अरण्य हो गया—'जगज्जीर्णारण्यं भवति कलत्रेऽप्युपरते ।'

पुत्र का प्रेम भी उनको अधिक समय तक इस संसार में रहने के लिए विवश न कर सका । पत्नी के स्वर्गवास के थोड़े समय के बाद वे भी घर त्यागकर चले गये । यद्यपि इस समय अपने पिता की अवस्था का जो वर्णन अभिनवगुप्त ने किया है उसमें उन्हें युवावस्थारूपी सागर की चञ्चल तरङ्गों से पूर्ण कहा है । परन्तु अपने यौवन और पुत्रप्रेम दोनों को बलात् दबाकर वे विरक्तभाव से गृहत्याग कर चले गये । अभिनवगुप्त ने 'तन्त्रालोक' में इस घटना का वर्णन इस प्रकार किया है—

तारुण्यसागरतरङ्गभरानपोह्य
वैराग्यपोतमधिरुह्य दृढं हठेन।

—तन्त्रालोक ३७

माता के बाद जब पिताजी भी अभिनवगुप्त को छोड़कर चले गये तो उन्हें भी अपने जीवन के उद्देश्य में परिवर्तन करना पड़ा । अभिनवगुप्त जब तक माता-पिता की छत्रछाया में रहे तब तक उनका जीवन अत्यन्त सरल एवं आह्लादपूर्ण था । इसलिए वे साहित्य जैसे सरल और सुखद विषय के अध्ययन में लगे हुए थे । जब माता-पिता के वियोग से उत्पन्न असह्य पीड़ारूपी ताप ने उनके जीवन की सरस और वात्सल्य पूर्ण स्नेह के उद्गम-स्रोत को ही शुष्क बना दिया तब अभिनवगुप्त का मन भी सरस साहित्यिक अध्ययन से विमुख हो गया और उनके हृदय में सरस और कोमल भावनाओं के स्थान पर भगवान् शिव के प्रति अनन्य भक्ति ने अपना आधिपत्य ग्रहण कर लिया । अभिनवगुप्त ने सम्पूर्ण सांसारिक भावनाओं और विषयों का

परित्याग करते हुए भगवान् शिव की आराधना की और उनकी प्राप्ति के उपायभूत आगमशास्त्रों के अध्ययन में प्रवृत्त हो गये । अभिनवगुप्त ने अपनी जीवनरूप जलधारा के इस परिवर्तन का उल्लेख करते हुए लिखा है—

साहित्यसान्द्ररसभोगपरो महेश-
भक्त्या स्वयंग्रहणदुर्मदया गृहीतः ।
स तन्मयीभूय न लोकवर्तनी-
मजीगणत् कामपि केवलं पुनः ॥
तदीयसम्भोगविवृद्धये पुरा
करोति दास्यं गुरुवेश्मसु स्वयम् ॥

उपर्युक्त श्लोकों में अभिनवगुप्त ने यद्यपि अपने वैराग्य का वर्णन किया है लेकिन वे कवि ही तो हैं जिन्होंने अपने उस विरक्ति के वर्णन में भी शृङ्गार का माधुर्ययुक्त रसलेप लगा ही दिया है । शिवभक्तिरूपी नायिका अभिनवगुप्त को साहित्य के रसास्वादन में तल्लीन देखकर मदोन्मत्त हो उठी तथा उसने स्वयं उनके पास जाकर उनको आलिङ्गनपाश में जकड़ लिया । मदोन्मत्त नायिका के द्वारा स्वयं आलिङ्गन करने के बाद जो होना चाहिए था वही हुआ भी । अभिनवगुप्त भी सर्वस्व भुलाकर उसी नायिका की गोद में जा बैठे । उन्हें लोकलज्जा और सामाजिक व्यवहार आदि किसी भी वस्तु का कोई ज्ञान न रहा । शिवभक्तिरूपी नायिका के साथ अधिक से अधिक आनन्द को प्राप्त करने के लिए विख्यात गुरुजनों के घरों में दास्यभावरूपी तुच्छ कर्म को सहर्ष स्वीकार कर लिया अर्थात् गुरुओं की येन-केन-प्रकारेण सेवाकर और उनको प्रसन्न कर आगमशास्त्रों का गहन अध्ययन करने लगे । यह उनके वैराग्य का कितना स्वाभाविक और मधुर वर्णन है । वैराग्य का इससे सुन्दरतर वर्णन और क्या हो सकता है ? परन्तु वैराग्य की यह मधुरता केवल मनःकल्पना मात्र थी। वास्तविक रसानन्द तो उनके जीवन में था ही नहीं । भाग्य की विडम्बना बड़ी विचित्र है । तब अभिनवगुप्त ने भी इस मानसिक सम्भोगरूपी आनन्द से सन्तुष्टि प्राप्त करने का पूर्ण और सफल प्रयास किया । शिवभक्तिरूपिणी नायिका के बन्धन में बँध जाने के पश्चात् अब किसी अन्य नायिका में आसक्त होने के लिए उनके हृदय में कोई भी स्थान रिक्त भला कैसे रह सकता था ? इसलिए पाणिग्रहण का प्रश्न जीवनपर्यन्त उनके सामने न आसका । इस प्रकार माता-पिता के वियोग ने उनके जीवन की सम्पूर्ण मधुरता को नष्ट कर 'दारा-सुतप्रभृतिबन्धुकथामनाप्तम्' पत्नी-पुत्रादि सम्बन्धियों की चर्चा से रहित होकर पूर्ण नैष्ठिक ब्रह्मचारी के रूप में सम्पूर्ण जीवन अकेले व्यतीत करने के लिए बाध्य कर दिया । इस अत्यन्त दुःखपूर्ण परिस्थिति ने महान् परिवर्तन के साथ उनको दार्शनिक अभिनवगुप्त बना दिया ।

अभिनवगुप्त का समय

आचार्य अभिनवगुप्त ने अपने अधोलिखित तीन ग्रन्थों में उनके लिखे जाने के समय का वर्णन किया है—

(क) 'क्रमस्तोत्र' अभिनवगुप्त की पहली रचना है । इसको उन्होंने मार्गशीर्ष कृष्ण ९ सप्तर्षि सम्वत्सर ६६ में लिखा था । जैसा कि उन्होंने स्वयं क्रमस्तोत्र के अन्तिम श्लोक में लिखा है—

षट्षष्टिनामके वर्षे नवम्यामसितेऽहनि ।
मयाभिनवगुप्तेन मार्गशीर्षे स्तुतः शिवः ॥

अर्थात् सम्वत् ६६ में मार्गशीर्ष कृष्ण नवमी को मैंने (अर्थात् अभिनवगुप्त ने) क्रमस्तोत्र के रूप में शिव की आराधना की है ।

(ख) इसी प्रकार 'भैरवस्तोत्र' के अन्तिम श्लोक में उन्होंने उसका समय इस प्रकार बतलाया है—

वसुरस पौषे कृष्णदशम्याम-
भिनवगुप्तः स्तवमिममकरोत् ॥

वसु आठ की तथा रस छः की संख्या का सूचक है । 'अङ्कानां वामतो गतिः' सिद्धान्त के अनुसार पूर्व में ६ और बाद में ८ लिखने पर संवत् ६८ निकलता है । उक्त संवत् ६८ के पौष महीने की कृष्ण दशमी को अभिनव-गुप्त ने इस स्तोत्र की रचना की थी—यही उक्त श्लोक का अर्थ है ।

(ग) इसी प्रकार 'बृहती विमर्शिनी' उनके द्वारा लिखा गया तीसरा ग्रन्थ है जिसमें उन्होंने उसके रचनाकाल का उल्लेख इस प्रकार किया है—

इति नवतितमेऽस्मिन् वत्सरान्त्ये युगांशे,
तिथिशशिजलधिस्थे मार्गशीर्षावसाने ।
जगति विहितबोधां ईश्वरप्रत्यभिज्ञां,
व्यवृणुत परिपूर्णा प्रेरितः शम्भुपादैः ॥

अर्थात् अपने कौलमार्ग के गुरु शम्भुनाथ की प्रेरणा से संसार को ज्ञान प्रदान करनेवाली सम्पूर्ण 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा' की अन्तिम युगांश अर्थात् कलिसम्वत् की तिथि अर्थात् ५, शशि १, जलधि ४ । अङ्कों की वामगति सिद्धान्त के अनुसार लिखने पर ४११५ संवत्सर बीत जाने के बाद ९० संवत्सर में मार्गशीर्ष के अन्त में मैंने अर्थात् अभिनवगुप्त ने पूरी 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा' की यह व्याख्या की है ।

उपर्युक्त श्लोक में कलिसंवत्सर के ४११५ वर्ष व्यतीत होजाने के बाद ९० संवत्सर में इस ग्रन्थ की रचना का समय उल्लिखित है । इसमें जो ९० संवत्सर वर्णित है वह कश्मीर का इतिहास-प्रसिद्ध सप्तर्षि संवत्सर है और

परित्याग करते हुए भगवान् शिव की आराधना की और उनकी प्राप्ति के उपायभूत आगमशास्त्रों के अध्ययन में प्रवृत्त हो गये । अभिनवगुप्त ने अपनी जीवनरूप जलधारा के इस परिवर्तन का उल्लेख करते हुए लिखा है—

साहित्यसान्द्ररसभोगपरो महेश-
भक्त्या स्वयंग्रहणदुर्मदया गृहीतः ।
स तन्मयीभूय न लोकवर्तनी-
मजीगणत् कामपि केवलं पुनः ॥
तदीयसम्भोगविवृद्धये पुरा
करोति दास्यं गुरुवेश्मसु स्वयम् ॥

उपर्युक्त श्लोकों में अभिनवगुप्त ने यद्यपि अपने वैराग्य का वर्णन किया है लेकिन वे कवि ही तो हैं जिन्होंने अपने उस विरक्ति के वर्णन में भी शृङ्गार का माधुर्ययुक्त रसलेप लगा ही दिया है । शिवभक्तिरूपी नायिका अभिनवगुप्त को साहित्य के रसास्वादन में तल्लीन देखकर मदोन्मत्त हो उठी तथा उसने स्वयं उनके पास जाकर उनको आलिङ्गनपाश में जकड़ लिया । मदोन्मत्त नायिका के द्वारा स्वयं आलिङ्गन करने के बाद जो होना चाहिए था वही हुआ भी । अभिनवगुप्त भी सर्वस्व भुलाकर उसी नायिका की गोद में जा बैठे । उन्हें लोकलज्जा और सामाजिक व्यवहार आदि किसी भी वस्तु का कोई ज्ञान न रहा । शिवभक्तिरूपी नायिका के साथ अधिक से अधिक आनन्द को प्राप्त करने के लिए विख्यात गुरुजनों के घरों में दास्यभावरूपी तुच्छ कर्म को सहर्ष स्वीकार कर लिया अर्थात् गुरुओं की येन-केन-प्रकारेण सेवाकर और उनको प्रसन्न कर आगमशास्त्रों का गहन अध्ययन करने लगे । यह उनके वैराग्य का कितना स्वाभाविक और मधुर वर्णन है । वैराग्य का इससे सुन्दरतर वर्णन और क्या हो सकता है ? परन्तु वैराग्य की यह मधुरता केवल मनःकल्पना मात्र थी। वास्तविक रसानन्द तो उनके जीवन में था ही नहीं । भाग्य की विडम्बना बड़ी विचित्र है । तब अभिनवगुप्त ने भी इस मानसिक सम्भोगरूपी आनन्द से सन्तुष्टि प्राप्त करने का पूर्ण और सफल प्रयास किया । शिवभक्तिरूपिणी नायिका के बन्धन में बँध जाने के पश्चात् अब किसी अन्य नायिका में आसक्त होने के लिए उनके हृदय में कोई भी स्थान रिक्त भला कैसे रह सकता था? इसलिए पाणिग्रहण का प्रश्न जीवनपर्यन्त उनके सामने न आसका । इस प्रकार माता-पिता के वियोग ने उनके जीवन की सम्पूर्ण मधुरता को नष्ट कर 'दारा-सुतप्रभृतिबन्धुकथामनाप्तम्' पत्नी-पुत्रादि सम्बन्धियों की चर्चा से रहित होकर पूर्ण नैष्ठिक ब्रह्मचारी के रूप में सम्पूर्ण जीवन अकेले व्यतीत करने के लिए बाध्य कर दिया । इस अत्यन्त दुःखपूर्ण परिस्थिति ने महान् परिवर्तन के साथ उनको दार्शनिक अभिनवगुप्त बना दिया ।

अभिनवगुप्त का समय

आचार्य अभिनवगुप्त ने अपने अधोलिखित तीन ग्रन्थों में उनके लिखे जाने के समय का वर्णन किया है—

(क) 'क्रमस्तोत्र' अभिनवगुप्त की पहली रचना है । इसको उन्होंने मार्गशीर्ष कृष्ण ९ सप्तर्षि सम्वत्सर ६६ में लिखा था । जैसा कि उन्होंने स्वयं क्रमस्तोत्र के अन्तिम श्लोक में लिखा है—

षट्षष्टिनामके वर्षे नवम्यामसितेऽहनि।
मयाभिनवगुप्तेन मार्गशीर्षे स्तुतः शिवः ॥

अर्थात् सम्वत् ६६ में मार्गशीर्ष कृष्ण नवमी को मैंने (अर्थात् अभिनवगुप्त ने) क्रमस्तोत्र के रूप में शिव की आराधना की है ।

(ख) इसी प्रकार 'भैरवस्तोत्र' के अन्तिम श्लोक में उन्होंने उसका समय इस प्रकार बतलाया है—

वसुरस पौषे कृष्णदशम्याम-
भिनवगुप्तः स्तवमिममकरोत् ॥

वसु आठ की तथा रस छः की संख्या का सूचक है । 'अङ्कानां वामतो गतिः' सिद्धान्त के अनुसार पूर्व में ६ और बाद में ८ लिखने पर संवत् ६८ निकलता है । उक्त संवत् ६८ के पौष महीने की कृष्ण दशमी को अभिनवगुप्त ने इस स्तोत्र की रचना की थी—यही उक्त श्लोक का अर्थ है ।

(ग) इसी प्रकार 'बृहती विमर्शिनी' उनके द्वारा लिखा गया तीसरा ग्रन्थ है जिसमें उन्होंने उसके रचनाकाल का उल्लेख इस प्रकार किया है—

इति नवतितमेऽस्मिन् वत्सरान्त्ये युगांशे,
तिथिशशिजलधिस्थे मार्गशीर्षावसाने।
जगति विहितबोधां ईश्वरप्रत्यभिज्ञां,
व्यवृणुत परिपूर्णा प्रेरितः शम्भुपादैः ॥

अर्थात् अपने कौलमार्ग के गुरु शम्भुनाथ की प्रेरणा से संसार को ज्ञान प्रदान करनेवाली सम्पूर्ण 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा' की अन्तिम युगांश अर्थात् कलिसम्वत् की तिथि अर्थात् ५, शशि १, जलधि ४ । अङ्कों की वामगति सिद्धान्त के अनुसार लिखने पर ४११५ संवत्सर बीत जाने के बाद ९० संवत्सर में मार्गशीर्ष के अन्त में मैंने अर्थात् अभिनवगुप्त ने पूरी 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा' की यह व्याख्या की है ।

उपर्युक्त श्लोक में कलिसंवत्सर के ४११५ वर्ष व्यतीत होजाने के बाद ९० संवत्सर में इस ग्रन्थ की रचना का समय उल्लिखित है । इसमें जो ९० संवत्सर वर्णित है वह कश्मीर का इतिहास-प्रसिद्ध सप्तर्षि संवत्सर है और

४११५ कलि संवत्सर के साथ उसका सम्बन्ध भी प्रदर्शित किया गया है । संवत्सर ज्ञानियों का यह मत है कि सप्तर्षि संवत् का प्रारम्भ कलि संवत्सर के २५ वर्ष बाद हुआ है अर्थात् जिस समय कलि संवत्सर ४११५ चल रहा था उस समय उसके २५ वर्ष बाद प्रारम्भ होने वाले सप्तर्षि संवत्सर का ४०९० वाँ वर्ष (४११५-२५ = ४०९०) चल रहा था । इसी ४०९० सप्तर्षि संवत् को यहाँ अभिनवगुप्त ने 'नवतितमेऽस्मिन्' सम्वत् ९० लिखा है ।

कलि संवत्सर तथा सप्तर्षि संवत्सर के आधार पर अभिनवगुप्त द्वारा रचित 'बृहतीविमर्शिनी' के लिखे जाने का यह समय निश्चित हुआ । परन्तु इसका सम्बन्ध वर्तमान संवत्सर से जोड़ने हेतु कलिसंवत् को ध्यान में रखना होगा । विक्रम संवत् और कलिसंवत् में ३०४४ वर्षों का अन्तर है । कलि संवत् में से ३०४४ वर्ष कम कर देने पर विक्रम संवत् की गणना प्राप्त हो जायेगी । 'बृहतीविमर्शिनी' की रचना ४११५ कलि संवत् में हुई थी । इसमें ३०४४ वर्षों को घटाने पर १०७१ प्राप्त होता है जो विक्रम संवत् है । तात्पर्य यह निकला कि आचार्य अभिनवगुप्त ने 'बृहती विमर्शिनी' को १०७१ विक्रम संवत् में लिखा था । इस विक्रम संवत् को ईस्वी सन् में परिवर्तित करने के लिए ५७ वर्ष और कम करना होगा । ऐसा करने पर (१०७१-५७ = १०१४) वर्ष प्राप्त होता है जो इस्वी सन् है । अर्थात् १०१४ ईस्वी के आस-पास अभिनवगुप्त ने 'बृहतीविमर्शिनी' की रचना की थी ।

'बृहतीविमर्शिनी' के लिखे जाने का समय निश्चित हो जाने के बाद 'क्रमस्तोत्र' तथा 'भैरवस्तोत्र' का भी ईस्वी में समय निकालना आसान है । अभिनवगुप्त ने 'क्रमस्तोत्र' की रचना सप्तर्षि सम्वत् ६६ में अर्थात् 'बृहती-विमर्शिनी' की रचना के २४ वर्ष पूर्व तथा 'भैरवस्तोत्र' की रचना उसके २ वर्ष बाद अर्थात् 'बृहतीविमर्शिनी' से २२ वर्ष पूर्व की थी ।

उपर्युक्त विवरण के आधार पर अभिनवगुप्त ने जिन तीन ग्रन्थों के लिखे जाने का समय दिया है उनमें सर्वप्रथम लिखे जाने वाले 'क्रमस्तोत्र' का समय ९९० ईस्वी आता है और सर्वान्त लिखी जानेवाली 'बृहतीविमर्शिनी' का समय १०१४ ई. निश्चित होता है । इस प्रकार उपर्युक्त दोनों कृतियों के मध्य में ४५ वर्ष का अन्तराल है । इसी भूमिका में आगे हम देखेंगे कि अभिनवगुप्त ने लघु-वृहद् कुल मिलाकर ४५ कृतियों का प्रणयन किया है । ४५ ग्रन्थों के इस विशालकाय साहित्य-संसार की रचना २४ वर्ष के अल्पकाल में कदापि सम्भव नहीं है । अतः क्रमस्तोत्र के पूर्व भी उन्होंने कुछ ग्रन्थों का निर्माण अवश्य किया होगा और 'बृहतीविमर्शिनी' के बाद भी ग्रन्थों के प्रणयन का कार्य अनवरत चलता रहा होगा । इस प्रकार अभिनवगुप्त की अवस्था क्रमस्तोत्र के लिखे जाने के समय ४०-५० वर्ष माने तो उनका समय

९५०-९६० ई. निश्चित होता है तथा बृहतीविमर्शिनी के बाद १०-२० वर्ष बाद तक उनका जीवन समय १०२५-१०३५ ई. तक स्वीकार कर लेने पर उनकी आयु ७५-८५ वर्ष की निश्चित होती है। इस ८५ वर्ष के जीवनकाल में लगभग ४५ वर्ष का समय उनके साहित्यिक रचना का काल स्वीकार किया जा सकता है। इन चालीस वर्षों में उन्होंने लगभग ४५ ग्रन्थों की रचना की है। इस प्रकार अभिनवगुप्त के स्वयं के लेखों के आधार पर उनका समय ९५०-१०३५ ई. तक निश्चित होता है।

अभिनवगुप्तपाद के विभिन्न शास्त्रों के गुरु

अभिनवगुप्त को विद्याध्ययन का प्रबल व्यसन था। वे प्रत्येक शास्त्र का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना चाहते थे, इसलिए उस समय जिस शास्त्र अथवा विषय का जो सर्वश्रेष्ठ विद्वान् होता था उसी विद्वान् की सेवाकर उससे उस विषय की शिक्षा प्राप्त की। इसीलिए उनके गुरुओं की विवरण सूची अत्यधिक लम्बी हो गयी है। अभिनवगुप्त ने स्वरचित ग्रन्थों में अपने सभी गुरुजनों का वर्णन अत्यन्त श्रद्धा और सम्मान के साथ किया है और इस बात का भी उल्लेख किया है कि किस विशिष्ट गुरु से किस शास्त्र-विशेष की शिक्षा प्राप्त की है। इस प्रकार उन्होंने सात गुरुओं का उल्लेख उनके द्वारा पढ़ाये गये विषयों के सहित इस प्रकार किया है—

१. नरसिंहगुप्त (स्तोत्रकार के पिता)	व्याकरण शास्त्र के गुरु
२. वोमनाथ	द्वैताद्वैत तन्त्र के गुरु
३. भूतिराजतनय	द्वैतवादी शैव सम्प्रदाय के गुरु
४. लक्ष्मणगुप्त	प्रत्यभिज्ञा, क्रम तथा त्रिकदर्शन के गुरु
५. इन्दुराज	ध्वनि-सिद्धान्त के गुरु
६. भूतिराज	ब्रह्मविद्या के गुरु
७. भट्टतोत	नाट्यशास्त्र के गुरु

अभिनवगुप्त ने उपर्युक्त सात के अतिरिक्त तेरह और गुरुओं के नामों का भी उल्लेख किया है जिनसे किसी-न-किसी शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की थी, परन्तु उन्होंने किससे कौन-सा शास्त्र पढ़ा इसका कोई वर्णन नहीं किया है। उनके तेरह गुरुओं के नाम इस प्रकार हैं—

१. श्रीचन्द	२. भक्तिविलास	३. योगानन्द
४. चन्द्रवर	५. अभिनन्द	६. शिवभक्त
७. विचित्रनाथ	८. धर्मानन्द	९. शिव
१०. वामन	११. उद्भट	१२. भूतीश
१३. भास्कर		

अभिनवगुप्त ने उक्त सभी गुरुओं का उल्लेख प्राय: 'तन्त्रालोक' में किया है । इस प्रकार उनके कुल गुरुओं की संख्या बीस तक पहुँच जाती है । अभिनवगुप्त की यह सबसे बड़ी विशेषता थी कि सभी गुरु उनकी सेवाभाव[1] से अत्यन्त प्रसन्न होकर बिना विद्या को छिपाये शास्त्रों के सम्पूर्ण रहस्य को उनको बता देते थे । अभिनवगुप्त ने स्वयं इस बात का उल्लेख किया है ।

अभिनवगुप्त की कृतियाँ

अभिनवगुप्त के अध्यापक गुरुओं के समान उनके द्वारा लिखे गये ग्रन्थों की सूची भी अत्यन्त दीर्घ है । सांसारिक अन्य कार्यों से वैराग्य ले लेने के बाद अब एक अध्ययन और ग्रन्थों का प्रणयन—ये दोनों व्यापार उनके साधन थे और शिवभक्ति सर्वप्रमुख साध्य थी । शिवोपासना से अवशिष्ट समय का उपयोग वे इन्हीं दोनों कार्यों में करते थे । जब भी अभिनवगुप्त को किसी उत्कृष्ट कोटि के साधक या किसी शास्त्र के अद्वितीय विद्वान् का पता लग जाता था तो वे उसके पास जाकर जो कुछ भी विद्या या साधना प्राप्त हो सकती थी उसको प्राप्त करने में कोई असावधानी नहीं करते थे । कश्मीर तथा कश्मीर के बाहरी प्रदेशों में जाकर उन्होंने अनेकों विद्वानों से शिक्षा प्राप्त की और उस आश्चर्यजनक तथा विशाल ज्ञानकोशरूपी सुदृढ़ नींव पर विशाल साहित्यरूपी प्रासाद का निर्माण किया । अभिनवगुप्त ने कुल चौवालिस ग्रन्थों का प्रणयन किया था जो इस प्रकार है—

१. बोधपञ्चदशिका
२. मालिनीविजयवार्तिक
३. परत्रींशिका
४. तन्त्रालोक
५. तन्त्रसार
६. तन्त्रवटधानिका
७. ध्वन्यालोकलोचन
८. अभिनवभारती
९. भगवद्गीतार्थसंग्रह
१०. परमार्थसार
११. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी
१२. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी
१३. पर्यन्तपञ्चाशिका
१४. घटकर्परकुलकविवृति
१५. क्रमस्तोत्र
१६. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र
१७. भैरवस्तोत्र
१८. परमार्थद्वादशिका
१९. परमार्थचर्चा
२०. महोपदेशविंशतिका
२१. अनुत्तराष्टिका
२२. अनुभवनिवेदन
२३. रहस्यपञ्चदशिका
२४. पञ्चश्लोकी
२५. तन्त्रोच्चय
२६. पुरुवोविचार
२७. क्रमकेलि
२८. शिवदृष्ट्यालोचन

---

१. तन्त्रालोक १२, ४१५

२९. पूर्वपञ्चिका
३०. पदार्थप्रवेशनिर्णयटीका
३१. प्रकीर्णकविवरण
३२. कथामुखतिलक
३३. लघ्वीप्रक्रिया
३४. भेदवादविदारण
३५. देवीस्तोत्रविवरण
३६. तत्त्वाध्वप्रकाशिका
३७. शिवशक्त्याविनाभावस्तोत्र
३८. बिम्बप्रतिबिम्बवाद
३९. प्रकरणविवरण
४०. काव्यकौतुकविवरण
४१. परमार्थसंग्रह (वही ४५९)

उपर्युक्त ४१ कृतियों में से प्रथम १४ कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं ।

अभिनवगुप्त के उपर्युक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त कुछ और भी ग्रन्थ हैं जिनको उन्होंने लिखा था । अभिनवगुप्त ने स्वयं उनका उल्लेख किया है—

(१) उन्होंने 'पूर्वपञ्चिका' नामक ग्रन्थ भी लिखा था, जो उनके द्वारा इस प्रकार वर्णित किया गया है—'पूर्वप्रभृतिपञ्चिकासु'—परात्री. वि. १४७

(२) 'तन्त्रसार' के पृष्ठ ३१ पर इस बात का उल्लेख है कि उन्होंने कुछ और दूसरे स्तोत्रों को भी लिखा है जो स्तोत्र ऊपर वर्णित स्तोत्रों से पृथक् है।

(३) जैसा कि अभिनवगुप्त के स्वरचित स्तोत्रों से भूमिकीय सन्दर्भ में प्राय: उद्धृत करते हैं कि 'मयैव स्तोत्रे' इत्यादि । इस प्रकार के बहुत से उद्धरणों की पहचान नहीं हो पायी है । इससे यह पता चलता है कि उन्होंने अब तक अन्वेषित स्तोत्रों के अतिरिक्त भी कुछ और स्तोत्रों की रचना की थी।

(४) कश्मीरी पण्डितों में प्रचलित एक परम्परा से ज्ञात होता है कि उन्होंने 'योगवाशिष्ठ' पर भी एक टीका लिखी थी ।

'कैटलागस कैटलोगरम' अभिनवगुप्त के सत्रह ग्रन्थों की सूची में निम्नलिखित तीन ग्रन्थों को और सम्मिलित करता है—

(i) परमार्थसारसंग्रह—रिपोर्ट XXX
(ii) परमार्थसारटीका—अवध IX, 22
(iii) स्पन्द—अवध XVI, 124

प्रो. के. सी. पाण्डेय का मानना है कि कश्मीर शोध विभाग से प्रकाशित 'परमार्थसार' नामक ग्रन्थ से उपर्युक्त पहला ग्रन्थ भिन्न नहीं है । यह वही 'परमार्थसार'[१] नामक ग्रन्थ ही है । अभिनवगुप्त के कोलोफोन के अनुसार 'परमार्थसारसंग्रह' ही 'परमार्थसार' है । केवल इसके नाम दो हैं । परमार्थसार में 'संग्रह' शब्द जोड़ दिया है—

---

१. आक्सफो. ३२८ (सी.सी. २५)

इति श्रीमहामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तविरचितः परमार्थसारः ।

सम्पूर्णेयंपरमार्थसारसंग्रहविवृत्तिः

कृतिस्तत्रभवत् परममाहश्वेरश्रीराजानकयोगराजस्य ।

अभिनवगुप्त द्वारा रचित ग्रन्थों की उपर्युक्त सूची में एक से लेकर चौदह तक के ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं और १५-२४ तक एमएसएस (पाण्डुलिपि) हैं जो प्रो. के. सी. पाण्डेय के अधिकार में सुरक्षित हैं । उपर्युक्त ग्रन्थों में संख्या पन्द्रह से लेकर तेइस तक विभिन्न स्तोत्र हैं जिनका हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत पुस्तक में किया गया है । एक 'पञ्चश्लोकी' नामक स्तोत्र अभिनवगुप्त की रचना और प्राप्त हुई है । अगर इस रचना को अभिनवगुप्त की रचना में जोड़ दिया जाय तो उनकी कुल रचनाओं की संख्या छियालिस हो जाती है । २५-३८ तक के ग्रन्थों का उल्लेख या तो अभिनवगुप्त के प्राप्त विभिन्न ग्रन्थों में और एम.एस.एस. में किया गया है । ४०-४४ तक के ग्रन्थों के विषय में विभिन्न कैटलाग और एमएसएस पर शोध सूचनाओं से पता चलता है । अब आगे अभिनवगुप्त की प्रकाशित रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दिया जायेगा—

(१) बोधपञ्चदशिका—श्रीभैरवावतार अभिनवगुप्तपादाचार्य के प्रकाशित ग्रन्थों में इस ग्रन्थ का पहला स्थान है । इसमें शैव सम्प्रदाय के सिद्धान्त के अनुसार शिव-शक्ति के स्वरूप, उनका आपस में सम्बन्ध, उनके द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति-बन्धन के कारण और उनके स्वरूप, मोक्ष के उपाय तथा मोक्ष के स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है । इसमें कुल श्लोकों की संख्या सोलह है। किन्तु मुख्य विषय से सम्बन्धित पन्द्रह श्लोक ही हैं । सोलवें श्लोक में इस ग्रन्थ की रचना का उद्देश्य इस प्रकार बतलाया गया है—

सुकुमारमतीन् शिष्यान् प्रबोधयितुमञ्जसा।
इमेऽभिनवगुप्तेन श्लोकाः पञ्चदशोदिताः ॥

अर्थात् अप्रगल्भ बुद्धिवाले शिष्यों को शैव सिद्धान्त का सरलतापूर्वक ज्ञान कराने के लिए अभिनवगुप्त ने इन पन्द्रह श्लोकों की रचना की है ।

(२) परात्रिंशिकाविवरण—यह ग्रन्थ तन्त्रशास्त्र से सम्बन्धित है । वेदों के पण्डित जिस प्रकार वेदों को अपौरुषेय और अनादि मानते हैं उसी प्रकार तन्त्रागम के विद्वान् भी आगम या तन्त्रग्रन्थों को नित्य स्वीकार करते हैं । वेदान्त दर्शन के सदृश आगमदर्शन में भी द्वैतवादी, अद्वैतवादी तथा द्वैताद्वैतवादी सम्प्रदायों का अस्तित्व है । १० द्वैतवादी, १८ द्वैताद्वैतवादी तथा अद्वैतवादी ६४ तन्त्रों को आठ-आठ करके आठ खण्डों में विभाजित किया

गया है । इनमें-से प्रत्येक खण्ड का पृथक्-पृथक् नाम है । अद्वैतवादी तन्त्रों के दूसरे खण्ड का नाम 'यामलतन्त्र' है । यामल वाले खण्ड में समाविष्ट तन्त्रों में सप्तम तन्त्र का नाम 'रुद्रतन्त्र' है । इसी 'रुद्रतन्त्र' का अन्तिम भाग 'परात्रिंशिका' नाम से जाना जाता है । इसका शुद्ध नाम 'परात्रीशिका' है । इसके नाम से ऐसा लगता है कि इसमें भी 'बोधपञ्चदशिका' के १५ श्लोकों के समान तीस श्लोक होंगे । परन्तु ऐसा नहीं है । इसमें तीस से अधिक श्लोक हैं । अभिनवगुप्त ने जब 'परात्रिंशिका' पर अपना विवरण ग्रन्थ लिखा तो उन्होंने इसके नाम की व्याख्या करते हुए इस प्रकार लिखा—

'त्रीशिका इति तिसृणां शक्तीनां इच्छा-ज्ञान-क्रियाणां.......ईशिका च ईश्वरी ।'

अर्थात् पराशक्ति की इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों का प्रतिपादन होने के कारण इसका नाम 'परात्रिंशिका' रखा गया है । उन्होंने 'त्रिंशिका' नाम पर पुनः इस प्रकार लिखा है—

'त्रिंशिका इत्यपि गुरवः पठन्ति, अक्षरवादसाम्यात् न तु त्रिंशत् श्लोकयोगात् त्रिंशिका ।'

अर्थात् गुरु लोग इस ग्रन्थ को 'परात्रिंशिका' भी कहते हैं । परन्तु यह त्रिंशिका पद केवल वर्णों के उच्चारण की समानता के कारण प्रयुक्त होता है न कि तीस श्लोकों के सम्बन्ध के कारण । इस परात्रिंशिका को जयरथ ने अपनी तन्त्रालोक की टीका में 'त्रिकसूत्र' नाम से वर्णन किया है—

'श्री त्रिकसूत्रे इति त्रिक-प्रमेयसूचिकायां परात्रीशिकायामित्यर्थः ।'

'परात्रिंशिका' पर लिखा गया अभिनवगुप्त का विवरण नामक ग्रन्थ मूलग्रन्थ की व्याख्या है । मूलग्रन्थ प्राचीनकाल से ही विद्वानों के लिए अत्यन्त आदृत था । इस ग्रन्थ पर अनेक शैव विद्वानों ने अपनी-अपनी मनीषानुसार विभिन्न टीकायें लिखी थी । अभिनवगुप्त ने उन टीकाओं में से कुछ का उल्लेख अति सम्मान के साथ किया है—

श्रीसोमानन्दकल्याण-भवभूतिपुरोगमाः ।
तथा हि त्रीशिकाशास्त्र-विवृतौ तेऽभ्यर्धुबुधाः ॥

उपर्युक्त श्लोक में उन्होंने सोमानन्द, कल्याण तथा भवभूति का वर्णन आदरपूर्वक किया है परन्तु 'परात्रिंशिका' पर कुछ अन्य विद्वानों ने भी कुछ अन्य टीकायें लिखी थी । अभिनवगुप्त ने उन टीकाकारों का उल्लेख करते हुए उनको पदवाक्यसंस्कारविहीन घोषित किया है और उनका वर्णन करने में उन्होंने अपनी अरुचि दिखलाई है—

'इतीदृग व्याख्यानं त्यक्त्वा यदन्यैर्व्याख्यातम् । यद्यपि पदवाक्य-संस्कारविहीनैः सह गोष्ठी कृताभवति ।'

मूलग्रन्थ की रचना भैरव-भैरवी के संवाद के रूप में हुई है । भैरवी के प्रश्नों का भैरव उत्तर देते हैं । भैरवी ने भैरव से 'अनुत्तरतत्त्व' के सम्बन्ध में प्रश्न पूछा है—

अनुत्तरं कथं देव सद्यः कौलिकसिद्धिदम् ।
येन विज्ञातमात्रेण खेचरीसमतां व्रजेत् ॥

इसके उत्तर में भैरव के कथन का सारांश वही है जो वैदिक ग्रन्थों 'ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति' आदि वाक्यों में अभिव्यक्त किया गया है ।

(३) मालिनीविजय वार्तिक—यह ग्रन्थ उनके प्रकाशित ग्रन्थों में तीसरा है। यह 'मालिनीविजय' नामक तान्त्रिक ग्रन्थ पर एक व्याख्या ग्रन्थ है । 'मालिनीविजय' का दूसरा नाम 'श्रीपूर्वशास्त्र भी है । मन्द्र तथा कर्ण नामक अपने दो शिष्यों के अतिप्रार्थना से प्रेरणा पाकर अभिनवगुप्त ने 'मालिनीविजय' के ऊपर अपने इस वार्तिक को लिखा था । इस बात का वर्णन उन्होंने स्वयं अपने इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में किया है—

सच्छिष्य-कर्ण-मन्द्रभ्यां चोदितोऽहं पुनः पुनः ।
वाक्यार्थं कथये श्रीमन्मालिन्यां
यत् क्वचित् क्वचित् ॥

'मालिनीविजयतन्त्र' कोई बहुत बड़ा ग्रन्थ प्रतीत होता है । उस सम्पूर्ण ग्रन्थ पर व्याख्या करने का विचार भी अभिनवगुप्त का नहीं जान पड़ता है । इसीलिए यहाँ ऊपर के श्लोक में 'क्वचित् क्वचित्' का प्रयोग किया है । 'मालिनीविजयवार्तिक' का जो भाग मुद्रित हुआ है उसमें केवल दो अध्याय है। उन दो अध्यायों में भी केवल एक श्लोक की व्याख्या की गई है । इस ग्रन्थ की रचना अभिनवगुप्त ने अपने मन्द्र और कर्ण नामक शिष्य के आग्रह से की है । यह मन्द्र नामक शिष्य अभिनवगुप्त का बड़ा प्रिय शिष्य था । माता-पिता के वियोग के बाद अभिनवगुप्त अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठे थे और कुछ विक्षिप्त रहने लगे थे । उस समय—

विक्षिप्तभावपरिहारमसौ चिकीर्षनु
मन्द्रः स्वके पुरवरे स्थितिमस्य चक्रे ।

मन्द्र नामक यह शिष्य अभिनवगुप्त को उनके घर से हटाकर अपने 'प्रवरपुर' नगर में ले गया और वहीं उनके रहने का प्रबन्ध कर दिया । वहीं 'प्रवरपुर' नामक नगर के पूर्वभाग में रहकर अभिनवगुप्त ने इस 'मालिनीविजय'

के प्रथम श्लोक की व्याख्यारूप 'मालिनीविजयवार्तिक' नामक ग्रन्थ की रचना की—

प्रवरपुरनामधेये पुरे पूर्वे
काश्मीरिकोऽभिनवगुप्तः ।
मालिन्यादिमवाक्ये वार्तिकमेतद्रचयति स्म् ॥

यद्यपि 'मालिनीविजयतन्त्र' के एक ही श्लोक पर यह वार्तिक लिखा गया है और उसके दो ही अध्याय प्रकाशित हुए हैं किन्तु इसके १८वें अध्याय का उल्लेख अभिनवगुप्त ने इसी ग्रन्थ में कई बार किया है—

'एतदष्टादशे तत्वमाधिकारे भविष्यति ।'—मा.वि.वा. ५८

'अष्टादशे तत्पटले तत्वं सम्यग् विभाव्यते ।'—मा.वि.वा. १०४

आदि अनेकों वर्णनों से पता चलता है कि अभिनवगुप्त इस ग्रन्थ के १८वें अध्याय तक तो वार्तिक की रचना करना ही चाहते थे परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रन्थ के अत्यधिक विस्तार हो जाने के डर से उसको आगे नहीं लिख सके । उनके द्वारा दो अध्यायों तक लिखे गये वार्तिक का प्रकाशन हो गया ।

(४) **तन्त्रालोक**—यह अभिनवगुप्त का चौथा प्रकाशित ग्रन्थ है । यह उनका सर्वाधिक महत्वपूर्ण और अत्यन्त विशालकाय ग्रन्थ है । यह तान्त्रिक वाङ्मय का विश्वकोश माना जाता है । इसमें कुल सैंतीस अध्याय हैं । सम्पूर्ण तन्त्रालोक का सम्पादन और हिन्दी अनुवाद मेरे पिता प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी द्वारा किया जा चुका है और पाँच भागों में चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन द्वारा लगभग चार वर्षों पूर्व ही प्रकाशित हो चुका है ।

जिन अद्वैतवादी चौंसठ तन्त्रों का वर्णन ऊपर किया जा चुका है, उनमें उन सभी आगमों की विषयवस्तु का विस्तृत प्रतिपादन किया गया है । कौलसिद्धान्त और तन्त्रसिद्धान्त का वर्णन ही इस ग्रन्थ का मुख्य आधार है । परन्तु इन सिद्धान्तों के अतिरिक्त प्रत्यभिज्ञा दर्शन से सम्बन्धित सिद्धान्त और क्रमदर्शन के सिद्धान्त इत्यादि दूसरे विषय वस्तुओं का भी अनेक स्थलों पर इस ग्रन्थ में प्रामाणिक वर्णन किया गया है । इस वैशिष्ट्य का प्रतिपादन स्वयं करते हुए उन्होंने लिखा है—

वक्ष्यमाणस्य कुलतन्त्रप्रक्रियात्मकत्वेन द्वैविध्येऽपि—

'तस्य मे सर्वशिष्यस्य नोपदेशदरिद्रता'

इत्यादिदृश सर्वत्रैव गुरुपदेशस्य भावात् आत्मानि भूयोविद्यत्वं दर्शयता ग्रन्थकृता अस्य ग्रन्थस्यापि निखिलशास्त्रान्तरसारसंग्रहभिप्रायत्वं दर्शितम् ।

'सर्वशिष्यस्य नोपदेशदरिद्रता' से अभिनवगुप्त ने सर्वशास्त्रों पर अपने अधिकार को सूचित किया है इसलिए इसमें उन्होंने किसी भी विषय पर जो कुछ लिखा है वह उस-उस शास्त्र के विशेष आचार्यों के वचनों के समान ही प्रामाणिक है यह बात सूचित की है । 'तन्त्रालोक' की प्रशंसा में अभिनवगुप्त ने लिखा है—

इति सप्तार्धिकमेनां त्रिंशतं यः सदा बुधः ।
आन्हिकानां समभ्यस्येत स साक्षात् भैरवो भवेत्॥ १-१२८

इस श्लोक से प्रतीत होता है कि इस ग्रन्थ में ३७ आह्निक हैं किन्तु अभी तक इसके केवल १४ आह्निक प्रकाशित हुए हैं । उनके ऊपर जयरथ की टीका भी प्रकाशित हुई है । जयरथ की टीका सहित तन्त्रालोक के १४ आह्निक आठ जिल्दों में प्रकाशित हो चुके हैं । इससे ग्रन्थ के विशाल आकार का अनुमान किया जा सकता है । २३ आह्निक और शेष हैं। इसी हिसाब से यदि शेष आह्निकों का भी कलेवर हुआ तो लगभग २० भागों में उसकी समाप्ति हो सकेगी । तन्त्रालोक के जो १४ आह्निक अब तक प्रकाशित हुए हैं उनमें से आदि के पाँच, नवम तथा त्रयोदश आह्निक दार्शनिक दृष्टि से विशेष, महत्वपूर्ण हैं । अभिनवभारती के आरम्भ के मङ्गलश्लोक में 'षटत्रिंशकात्मकजगद्गगनावभास' आदि में अभिनवगुप्त ने शैव-दर्शन के जिन ३६ तत्त्वों की ओर सङ्केत किया है उनका प्रतिपादन नवम आह्निक में किया गया है इसलिए उस आह्निक का और भी अधिक महत्त्व है । इस ग्रन्थ का नाम 'तन्त्रालोक' क्यों रखा है इसका प्रदर्शन करते हुए ग्रन्थकार ने लिखा है—

'आलोकमासाद्य यदीयमेष लोकः स्वयं सञ्चरति क्रियासु ।'

अर्थात् इसके प्रकाश को प्राप्त कर जगत् अपने सम्पूर्ण क्रिया कलापों को सम्यक् रीति से सरलतापूर्वक सम्पादित कर सकता है । इसी कारण इसका नाम 'तन्त्रालोक' युक्तियुक्त ही है । अभिनवगुप्त ने अपने 'मालिनीविजय-वार्तिक' ग्रन्थ की तरह इस ग्रन्थ की भी रचना उन्होंने अपने शिष्य मन्द्र, मनोरथ तथा अन्य शिवाराधकों के विनम्र निवेदन से प्रेरणा प्राप्त कर की है ।

५-६. तन्त्रसार एवं तन्त्रवटधानिका—ये दोनों ग्रन्थ भी अभिनवगुप्त के प्रकाशित ग्रन्थों की सूची में आते हैं । दोनों ग्रन्थों के नामों से उनकी विषयवस्तु का अनुमान किया जा सकता है । तन्त्रालोक के संक्षिप्त रूप का नाम ही 'तन्त्रसार' है तथा तन्त्ररूपी विशाल बरगद के वृक्ष के बीज के समान तन्त्रसार से भी अत्यन्त लघुकाय ग्रन्थ 'तन्त्रवटधानिका' नामक ग्रन्थ है । व्याकरण शास्त्र के ग्रन्थ सिद्धान्तकौमुदी मध्यसिद्धान्तकौमुदी तथा लघुसिद्धान्त-

कौमुदी के समान 'तन्त्रालोक' के भी ये लघुतर क्रम में तीन स्वरूप हैं। विशालकाय ग्रन्थ का नाम 'तन्त्रालोक' उसका मध्य संक्षिप्त रूप 'तन्त्रसार' तथा और अधिक संक्षिप्त रूप 'तन्त्रवटधानिका' है।

७-८. ध्वन्यालोक पर लोचन तथा नाट्यशास्त्र पर अभिनवभारती नामक टीकायें—उपर्युक्त सभी दार्शनिक ग्रन्थ शैव दर्शन से सम्बन्ध रखने वाले दार्शनिक ग्रन्थ हैं। अभिनव के दार्शनिक ग्रन्थों का परिचय लोगों को कम है किन्तु उनके ध्वन्यालोक-लोचन तथा अभिनवभारती का परिचय उनकी अपेक्षा कहीं अधिक है। विशेष रूप से ध्वन्यालोक-लोचन के द्वारा ही उनको साहित्यिक जगत् में विशेष ख्याति प्राप्त हुई है। ध्वन्यालोक, आनन्दवर्धनाचार्य का ध्वनि-विषयक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। उस पर अभिनवगुप्त ने 'लोचन' नामक टीका लिखी है। उसका नाम 'ध्वन्यालोकलोचन' है। इसी प्रकार भरतमुनि के नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त ने जो टीका लिखी है उसका नाम 'अभिनवभारती' है।

'तच्च मदीयादेव तद्विवरणात् सहृदयालोकलोचनादवधारणीयम्' (अभि. ३३४ व. सं.) लिखकर ग्रन्थकार ने जिस सहृदयालोकलोचन का उल्लेख किया है वह 'ध्वन्यालोकलोचन' का ही दूसरा नाम है। इस प्रकार अभिनवभारती में ध्वन्यालोकलोचन का उल्लेख पाए जाने से यह स्पष्ट है कि 'ध्वन्यालोकलोचन' की रचना अभिनवभारती से पहले हुई है और ध्वन्यालोकलोचन के प्रारम्भ में 'तन्त्रालोकग्रन्थे विचार्य' इन शब्दों में 'तन्त्रालोक' का उल्लेख मिलता है इसलिए इन दोनों सहित्य ग्रन्थों की रचना तन्त्रालोक के बाद हुई है यह बात स्पष्ट हो जाती है।

९. भगवदगीतार्थसंग्रह—अभिनवगुप्त के द्वारा गीता पर शैवदृष्टि से लिखी गयी टीका नाम 'भगवद्गीतार्थसंग्रह' है। यह एक शैव ग्रन्थ नहीं है किन्तु यह शैवी टीका अवश्य है। उपर्युक्त सभी दार्शनिक ग्रन्थ शैवशास्त्रों की व्याख्या है।

यद्यपि शैवागमों की उत्पत्ति तीसरी या चौथी शताब्दी में हुई है किन्तु शैव विद्वान् उनको वेदों के समान ही अनादि मानते हैं। इसलिए उनकी दृष्टि में शैवागम कृष्ण की गीता से भी कहीं अधिक प्राचीन है। हरिवंश पुराण के अनुसार कृष्ण ने ६४ अद्वैतवादी तन्त्रों का अध्ययन दुर्वासा मुनि से किया था। इसी प्रकार महाभारत के मोक्षपर्व में कृष्ण ने द्वैतवादी १० तथा अद्वैतवादी १८ कुल मिलाकर २८ शैवागमों का अध्ययन उपमन्यु से किया था। इसलिए शैव लोग कृष्ण को त्रिकसिद्धान्त का आचार्य मानते हैं। इसीलिए कृष्ण की गीता पर वसुगुप्त से लेकर अभिनवगुप्त तक अनेक शैव विद्वानों ने टीकाएँ लिखीं हैं—

तास्वन्यैः प्राक्तनैर्व्याख्याः कृता यद्यपि भूयसा।
न्याय्यस्तथाप्युद्यमो मे तद्गूढार्थप्रकाशकः॥

—भगवद्गीतार्थसंग्रह १-५

इसीलिए शैव आचार्य कृष्ण को अपना गुरु मानते हैं और तन्त्रालोक १-१६२ में 'गुरुवाक्य' कहकर गीतावाक्य को उद्धृत किया गया है। इस प्रकार शैव सम्प्रदाय में भी गीता का विशेष महत्व होने से अभिनवगुप्त ने भट्टेन्दुराज से गीता का अध्ययन कर शैव-सिद्धान्तों के अनुसार इसकी व्याख्या प्रस्तुत की है—

भट्टेन्दुराजादाम्नायं विविच्य च चिरं धिया।
कृतोऽभिनवगुप्तेन सोऽयं गीतार्थसंग्रहः॥ १-६

अभिनवगुप्त ने इस टीका की रचना लोटक नामक सद्विप्र के आग्रह से की है—

तच्चरणकमलमधुपो भगवद्गीतार्थसंग्रहं व्यधात्।
अभिनवगुप्तः सद्द्विजलोटककृतचोदनावशतः॥

—अन्तिम श्लोक २

१०. परमार्थसार—यह ग्रन्थ अभिनवगुप्त के प्रकाशित ग्रन्थों में १०वाँ ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ १०५ आर्या छन्दों में निबद्ध है। यद्यपि अभिनवगुप्त ने इसे केवल १०० श्लोकों में लिखा हुआ बतलाया है—

आर्याशतेन तदिदं संक्षिप्तं शास्त्रसारमतिगूढम्।

किन्तु यह आर्याशत का प्रयोग मुख्य विषय के प्रतिपादक १०० पद्यों की दृष्टि से किया गया है। वैसे इसमें १०५ श्लोक हैं।

यह 'परमार्थसार' शेष-मुनि कृत 'आधारकारिका' नामक प्राचीन ग्रन्थ का संक्षिप्त संस्करण है। शेष-मुनि को आधार भगवान् या अनन्तनाथ भी कहा जाता है और उनकी 'आधारकारिका' का दूसरा नाम 'परमार्थसार' भी है। इस आधारकारिका में मुख्य रूप से सांख्य सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। उसी के अनुसार प्रकृति-पुरुष के भेदज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति का वर्णन है। अभिनवगुप्त ने अपने 'परमार्थसार' में उसको शैवागम के अनुसार अपने ढाँचे में ढाल लिया है।

अभिनवगुप्त के 'परमार्थसार' को छोड़कर इसी नाम से तीन ग्रन्थ और पाए जाते हैं। एक का पाठ 'शब्दकल्पद्रुम' में दिया गया है। दूसरा 'त्रिवेन्द्रम संस्कृत सिरीज' में प्रकाशित हुआ है और तीसरा मद्रास से १९०७ में तेलुगु भाषा में दिए भावार्थ के सहित प्रकाशित हुआ है। 'शब्दकल्पद्रुम' के

परमार्थसार की अन्तिम पंक्ति में उसकी श्लोक संख्या ८५ दी गई है। त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित संस्करणों में भी ८५ श्लोक हैं। परन्तु मद्रास वाले संस्करण में ७९ श्लोक हैं। इन सबमें अधिकांश श्लोक अभिनवगुप्त के परमार्थसार से मिलते-जुलते हैं। कहीं कुछ भेद भी है और कुल संख्या के विषय में तो भेद है ही। अभिनवगुप्त के 'परमार्थसार' में १०० या १०५ श्लोक हैं अन्यों में ८५ या ७९। अभिनवगुप्त के परमार्थसार को छोड़कर मुख्यरूप से मद्रास वाला संस्करण वैष्णव भावनाओं के अनुकूल है। इसलिए डा. बर्नेट आदि कुछ विद्वान् उसको ही मूल ग्रन्थ मानते हैं। उनका कहना है कि अभिनवगुप्त ने उसी के आधार पर अपने ग्रन्थ की रचना की है।

जैसे अभिनवगुप्त ने 'भगवद्गीतार्थसंग्रह' में 'भगवद्गीता' पर शैव सम्प्रदाय का रङ्ग चढ़ाने का सफल प्रयत्न किया है उसी प्रकार वैष्णव परमार्थसार पर भी शैवीय विचारों का रङ्ग चढ़ा दिया गया है। परन्तु अधिकांश विद्वान् उक्त तर्क से असहमत हैं।

११. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी—यह अभिनवगुप्त का ग्यारहवाँ प्रकाशित ग्रन्थ है। यह आचार्य उत्पल के द्वारा लिखित 'ईश्वरप्रत्याभिज्ञासूत्र' की वृत्ति के रूप में रचित ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ पर आचार्य अभिनवगुप्त ने दो वृत्तियाँ लिखी हैं जिनमें एक का नाम 'लघ्वी विमर्शिनी' तथा दूसरी का नाम 'बृहतीविमर्शिनी है।

उत्पलपादाचार्य ने 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञासूत्र' लिखने के बाद स्वयं ही उस पर विवृति भी लिखी थी। अभिनवगुप्त ने मूल 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञासूत्र' तथा उसकी विवृति दोनों पर 'विमर्शिनी' नामक टीका लिखी है। मूल सूत्र पर लिखी टीका 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' कहलाती है और उसकी विवृति पर लिखी हुई टीका 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृति-विमर्शिनी' कहलाती है। प्राचीन काल में ग्रन्थ का परिमाण श्लोकों से मापा जाता था। अनुष्टुप् श्लोक में ३२ अक्षर होते हैं। यदि कोई गद्यात्मक ग्रन्थ है तो उसके भी ३२ अक्षरों का एक श्लोक मानकर उसके परिमाण का निर्धारण किया जाता था। इस प्रक्रिया के अनुसार 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' चार सहस्र श्लोकों का ग्रन्थ है और 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञा-विवृति-विमर्शिनी' १८ सहस्र श्लोकों का ग्रन्थ है। इसलिए पहली को 'चतु:साहस्री' अथवा 'लघ्वी-विमर्शिनी' तथा दूसरी को 'अष्टादशसाहस्री' अथवा 'बृहती-विमर्शिनी' भी कहा जाता है।

१२. ईश्वरप्रत्याभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी—अभिनवगुप्त के ग्रन्थों में यह अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ यद्यपि 'उत्पलपादाचार्य' की स्वविरचित विवृति के ऊपर टीकारूप में लिखा गया है किन्तु वह विवृति ग्रन्थ अभी तक

उपलब्ध नहीं है केवल उसकी यह टीका उपलब्ध है और वह भी अभी प्रकाशित नहीं हुई है । इस टीका के प्रारम्भ में अभिनवगुप्त ने अपने को उत्पलपादाचार्य का प्रशिष्य कहकर अपना परिचय देते हुए लिखा है—

श्रीमल्लक्ष्मणगुप्तदर्शितपथः. श्री प्रत्यभिज्ञाविधौ।
टीकार्थप्रविमर्शिणीं रचयते वृत्तिं प्रशिष्यो गुरोः ॥

१३-२१. अभिनवगुप्त की तेरह से इक्कीस तक 'स्तोत्रों के रूप में रचनायें'—अभिनवगुप्त की उपर्युक्त बारह रचनाओं के पश्चात् इनकी नव लघु रचनायें भी स्तोत्रों के रूप में हैं और इन नव स्तोत्रों में से आठ स्तोत्र डॉ. के. सी. पाण्डेय के अभिनवगुप्त से सम्बन्धित शोध प्रबन्ध में परिशिष्ट में छप चुके हैं । केवल 'पञ्चश्लोकी' नामक स्तोत्र संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से प्रकाशित 'शिवस्तोत्रावलि' में प्रकाशित है । आचार्य अभिनवगुप्त के उपर्युक्त स्तोत्रों का प्रस्तुत पुस्तक में आंग्ल और हिन्दी भाषा में अनुवाद किया गया है। सभी स्तोत्रों के नाम और उसमें आये हुए श्लोकों की संख्या इस प्रकार है—

१. क्रमस्तोत्र	३० श्लोक
२. भैरवस्तोत्र	१० श्लोक
३. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र	१५ श्लोक
४. अनुभवनिवेदन	४ श्लोक
५. अनुत्तराष्टिका	८ श्लोक
६. परमार्थद्वादशिका	१३ श्लोक
७. परमार्थचर्चा	८ श्लोक
८. महोपदेशविंशतिकम्	२० श्लोक
९. पञ्चश्लोकी	५ श्लोक

इस प्रकार उनकी कुल इक्कीस रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दिया गया । यहाँ हम स्तोत्रों की विषयवस्तु की चर्चा इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि प्रस्तुत पुस्तक में आगे स्तोत्रों का ही वर्णन है ।

२२. तन्त्रोच्चय—तान्त्रिक वाङ्मय के विश्वकोश 'तन्त्रालोक' के 'तन्त्रसार' तथा 'तन्त्रवटधानिका' नामक दो लघुरूपों का पूर्वोल्लेख किया जा चुका है । उसी प्रकार का तीसरा संक्षिप्त रूप 'तन्त्रोच्चय' है । यह 'तन्त्रसार' से थोड़ा छोटा तथा 'तन्त्रवटधानिका' से बड़ा है । इस ग्रन्थ के प्रारम्भिक तथा अन्तिम श्लोकों में इसे अभिनवगुप्त की कृति बतलाई गयी है । परन्तु कुछ विद्वानों ने इसकी भाषादि पर विचार कर इसके अभिनवगुप्त की रचना होने में सन्देह व्यक्त किया है ।

२३. **घटकर्परकुलकविवृति**—इसके नाम से ही प्रतीत होता है कि यह किसी 'घटकर्परकुलक' नामक ग्रन्थ की टीका है । 'घटकर्पर' एक लघुकाय रमणीय काव्यग्रन्थ है । इसमें कुल श्लोकों की संख्या बीस है । इसकी रचना 'मेघदूत' के समान विरही प्रेमीजनों की कहानी को लेकर की गयी है किन्तु दोनों की रचना में इतना अन्तर है कि मेघदूत में सब पदों का वक्ता प्रेमी यक्ष है और इसमें सारे पद्य प्रेमिका के द्वारा कहे गए हैं । घटकर्परकुलकविवृति में अभिनवगुप्त ने—'अस्य कर्ता महाकविः कालिदासः इत्यनुश्रुतमस्माभिः' लिखकर इसका रचयिता कालिदास को माना है । सभी बीसों पद्य यमकालङ्कार से विभूषित हैं । इसके लेखक को यह गर्व है कि कोई उससे बढ़कर यमक की रचना नहीं कर सकता है । इसलिए उसने ग्रन्थ के अन्तिम उपसंहारात्मक २१वें श्लोक में सारे कवियों का आह्वान करते हुए लिखा है—

जीयेय येन कविना यमकैः परेण ।
तस्मै वहेयमुदकं घटकर्परेण ॥

अर्थात् यदि कोई दूसरा कवि यमकरचना में मुझे जीत ले, तो मैं उसका दास्य स्वीकार कर घट के कर्पर अर्थात् खप्पड़ में (अत्यन्त कष्टपूर्वक) पानी भरने को तैयार हूँ । कुछ लोगों का विचार है कि इस अन्तिम पद्य में आये हुए 'घटकर्पर' शब्द के आधार पर ही इसका नाम 'घटकर्पर' रखा गया है । कुछ लोगों का विचार यह है कि विक्रम की राजसभा में कालिदास के साथ दूसरे महाकवि 'घटकर्पर' ने कदाचित् इसकी रचना की है और ऊपर के श्लोक में दिया हुआ आह्वान कदाचित् कालिदास को लक्ष्य में रखकर किया गया है ।

नवीन विद्वान् रामचरित शर्माकृत टीका सहित इस ग्रन्थ का प्रकाशन हो चुका है । उनके अनुसार इसके सारे पद्य नायिका के ही कहे हुए हैं किन्तु अभिनवगुप्त ने जो इसका विवरण दिया है, उसमें लिखा है—

'तत्र किञ्चित् कविनिबद्धप्रमदारूपवक्तृकं, किञ्चित् कविनिबद्ध-तत्सखीभाषितं, किञ्चित् कविनिबद्धदूतीभाषितम् ।'

अर्थात् कुछ नायिका का कहा हुआ है, कुछ उसकी सखी का और कुछ दूती का किन्तु मुद्रित संस्करण में सबका वक्तृत्व नायिका में रखा गया है । इस काव्य की प्रशंसा करते हुए अभिनवगुप्त ने लिखा है—

'न चास्य काव्ये तृणमात्रमपि कलङ्कमुत्प्रेक्षितवन्तो मनोरथेऽपि स्वप्नेऽपि सहृदयाः । तस्मात् प्राक्तन् एव समाप्तिश्लोकः ।'

अर्थात् अभिनवगुप्त के विचार में यह एक सर्वथा निर्दुष्ट काव्य है ।

इसकी इतिश्री इक्कीसवें श्लोक में ही होजाती है । इक्कीसवाँ श्लोक काव्य का मूल श्लोक ही है । वह बाद में लिखा गया श्लोक नहीं है । अभिनवगुप्त ने इस निर्दुष्ट और रमणीय काव्य पर वृत्ति लिखने के पहले अपने हृदय को भी दोष से रहित और पवित्र बना लेने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार लिखा है—

तत्परामर्शधवलमनाः कोकनदो मनाक् ।
काव्येऽभिनवगुप्ताख्यो विवृतिं समरीरचत् ॥

२४-३६. तेरह ग्रन्थों का अभिनवगुप्त के स्वरचित ग्रन्थों में उल्लेख— आचार्य अभिनवगुप्त के अग्रिम तेरह ग्रन्थ प्रकाशित और अप्रकाशित किसी भी रूप में प्राप्त नहीं होते हैं किन्तु उनके दूसरे ग्रन्थों में उनका उल्लेख पाया जाता है । उन्हीं वर्णनों के आधार पर विद्वानों ने यह अनुमान लगाया है कि वे ग्रन्थ अभिनवगुप्त के द्वारा रचित हैं । वे ग्रन्थ इस प्रकार हैं—

१. क्रमकेलि—इन तेरह ग्रन्थों में सर्वप्रथम ग्रन्थ 'क्रमकेलि' है । अभिनव-गुप्त ने अपने 'परात्रिंशिकाविवरण' नामक ग्रन्थ में इसका वर्णन किया है—

'व्याख्यातं चैतत् मया तट्टीकायां क्रमकेलौ विस्तरतः ।'

यह क्रमकेलि क्रमस्तोत्र की टीका थी । यह क्रमस्तोत्र जिसकी टीका 'क्रमकेलि' है, अभिनवगुप्त के अपने रचे हुए 'क्रमस्तोत्र' से भिन्न कोई और प्राचीन ग्रन्थ था क्योंकि 'महार्थमञ्जरी' की टीका में महेश्वरानन्द ने उसके बहुत उद्धरण दिए हैं और वे उद्धरण अभिनवगुप्त वाले 'क्रमस्तोत्र' में नहीं मिलते हैं। इसलिए क्रम सिद्धान्तों का प्रतिपादन करने वाला यह 'क्रमस्तोत्र' जिस पर अभिनवगुप्त ने 'क्रमकेलि' नामक टीका लिखी थी, उनके अपने द्वारा रचे गये 'क्रमस्तोत्र' से भिन्न ही ग्रन्थ रहा होगा ।

२. शिवदृष्ट्यालोचन—'शिवदृष्टि' त्रिकदर्शन के परमाचार्य सोमानन्द का प्रसिद्ध ग्रन्थ है । 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी' में, जैसा कि पहले कहा जा चुका है, अभिनवगुप्त ने अपने को उत्पलपादाचार्य का प्रशिष्य कहा था । सोमानन्द उन उत्पलपादाचार्य के भी गुरु थे इसलिए वे अभिनवगुप्त के परम प्रगुरु हुए । उनके 'शिवदृष्टि' ग्रन्थ के ऊपर अभिनवगुप्त ने 'शिवदृष्ट्यालोचन' टीका लिखी थी । किन्तु वह किसी रूप में उपलब्ध नहीं हो रही है । अभिनवगुप्त ने अपने 'परात्रिंशिकाविवरण' में उसका उल्लेख निम्न प्रकार किया है—

यथोक्तं मयैव शिवदृष्ट्यालोचने—

सोऽपि स भवेद यस्य शक्तता नाम विद्यते । —प.त्री.११६

३. पूर्वपञ्चिका—'मालिनीविजयतन्त्र' का दूसरा नाम 'श्रीपूर्वशास्त्र' भी है। इस 'मालिनीविजय' के आदि वाक्य अर्थात् केवल प्रथम श्लोक के ऊपर अभिनवगुप्त ने 'मालिनीविजयवार्तिक' लिखा था। उसका उल्लेख पहले किया जा चुका है। इसी 'श्रीपूर्वशास्त्र' के ऊपर दूसरा व्याख्या ग्रन्थ 'पूर्वपञ्चिका' नाम से भी अभिनवगुप्त ने लिखा था। इस प्रकार की पञ्चिका या टीकाएँ उन्होंने अन्य तन्त्रग्रन्थों पर भी लिखी थीं। इनका उल्लेख भी अभिनवगुप्त ने 'परात्रिंशिका-विवरण' में निम्न प्रकार किया है—

'निर्णीतं चैतन्मयैव पूर्वप्रभृतिपञ्चिकासु।—प.त्री. १४७

४. पदार्थप्रवेशनिर्णय-टीका—इसके नाम से प्रतीत होता है कि त्रिकदर्शन के अभिमत ३६ पदार्थों का वर्णन इस ग्रन्थ में किया गया होगा। इसका उल्लेख भी 'परात्रिंशिकाविवरण' में इस प्रकार किया गया है—

'वितत्य च विचारितं मयैतत् पदार्थप्रवेशनिर्णयटीकायाम्।'

परन्तु आज न तो 'पदार्थप्रवेश' ग्रन्थ मिलता है और न उसकी यह टीका ही मिलती है।

५. प्रकीर्णकविवरण—तन्त्रालोक के ७-३३ में अभिनवगुप्त ने लिखा है—'इत्थं जडे सम्बन्धे न मुख्यस्यार्थसङ्गतिः। आस्तां, अन्यत्र विततमेतद् विस्तरतो मया।' इसके ऊपर टीका करते हुए जयरथ ने लिखा है—

'अन्यत्रेति प्रकीर्णकविवरणादौ।'

६. प्रकरणविवरण—यह 'प्रकरणस्तोत्र' की टीका है और 'तन्त्रसार' श्लोक ३१ में उसका उल्लेख किया गया है।

७. काव्यकौतुकविवरण—अभिनवगुप्त के गुरु भट्टतौत ने अलङ्कार शास्त्र के विषय में 'काव्यकौतुक' ग्रन्थ लिखा था। उसी की टीका रूप में अभिनवगुप्त ने इस 'काव्यकौतुक विवरण' की रचना की थी। अभिनवगुप्त ने अपने 'ध्वन्यालोकलोचन' में भट्टतौत के 'काव्यकौतुक' ग्रन्थ और उस पर अपने विवरण का उल्लेख करते हुए लिखा है—

'स स्वयमस्मदुपाध्याय—भट्टतौतेन काव्यकौतुके, अस्माभिश्च तद्विवरणे बहुतरकृतनिर्णयः पूर्वपक्षसिद्धान्तः। इत्यलं बहुना।'

—ध्वन्यालोकलोचन १७८

८. कथामुखतिलकम्—इस ग्रन्थ का उल्लेख अभिनवगुप्त ने अपनी 'बृहतीविमर्शिनी' में स्वकृत ग्रन्थ के रूप में किया है किन्तु उसका विषय क्या था यह कहना कठिन है।

९. लघ्वीप्रक्रिया—यह कोई भक्तिपूर्ण स्तोत्र है । 'भगवद्गीतार्थसंग्रह' में इसका उल्लेख करते हुए अभिनवगुप्त ने लिखा है—

यथा च मयैव लघ्व्यां प्रक्रियायामुक्तम्—

न भोग्यं व्यतिरिक्तं हि भोक्तुस्तत्त्वं विभाव्यते।
एष एव हि भोगो यत् तादात्म्यं भोक्तृभाग्ययोः॥

१०. भेदवादविवरण—इस ग्रन्थ का उल्लेख 'भगवद्गीतार्थसंग्रह' तथा 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' दोनों ग्रन्थों में पाया जाता है । 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' में लिखा है—

'कृतप्रतानश्चायं प्रकृत्यर्थं-व्यर्थविवेको मयैव भेदवादविवरणे इति तत एवान्वेष्यः ।'—ई. प्र. वि. २-१५८

११. देवीस्तोत्र विवरण—'भगवद्गीतार्थसंग्रह' के अ. ६ श्लो. ३० की व्याख्या में इस ग्रन्थ का उल्लेख अभिनवगुप्त ने इस प्रकार किया है—

'विस्तरस्तु भेदवादविवरणादिप्रकरणे, देवीस्तोत्रविवरणे च मयैव निर्णीतः ।'

आनन्दवर्धनाचार्य के 'देवीस्तोत्र' के ऊपर यह टीकाग्रन्थ प्रतीत होता है ।

१२. तत्त्वाध्वप्रकाशिका—इस ग्रन्थ में कदाचित् त्रिकदर्शन के ३६ तत्त्वों का संक्षेप में वर्णन किया गया होगा । तन्त्रालोक की टीका में जयरथ ने इसका उल्लेख करते हुए लिखा है—

'ग्रन्थकृता च तत्त्वाध्वप्रकाशनादौ तत्र च तत्त्वालम्बनमेव कृतम् ।

—तन्त्रालोक (टीका) ११-१९

१३. शिवशक्त्यविनाभावस्तोत्र—'भगवद्गीतार्थसंग्रह' में १५वें अध्याय के १९वें श्लोक की व्याख्या में ग्रन्थकार ने इस ग्रन्थ का नाम दिया है । जैसा कि इसके नाम से प्रतीत होता है इसमें शिव और शक्ति के अभेद का प्रतिपादन करते हुए अभिनवगुप्त ने उनकी स्तुति की है ।

इस प्रकार अभिनवगुप्त के द्वारा रचित और प्रकाशित-अप्रकाशित छत्तीस ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय प्रदर्शित किया गया । उनके अवशिष्ट छह ग्रन्थ ऐसे हैं जिनका उनके ग्रन्थों के रूप में आधुनिक सूचीपत्रों में वर्णन प्राप्त होता है।

सूचीपत्रों में अभिनवगुप्त के वर्णित ग्रन्थ

३७. बिम्बप्रतिबिम्बवाद—इस ग्रन्थ का वर्णन डॉ. ह्वूलर के काश्मीर कैटलाग तथा डॉ. आर. जी. भण्डारकर के सङ्कलित ग्रन्थों की सूची में प्राप्त

होता है । इसकी प्रति भी प्राप्त होती हैं । इसका अध्ययन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि यह कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं है बल्कि तन्त्रालोक के तीसरे आह्निक में न्याय दर्शन के सिद्धान्त के खण्डन में 'बिम्बप्रतिबिम्बवाद' नामक सिद्धान्त का खण्डन किया गया है । उसी को किसी विद्वान् ने 'पाण्डुलिपि' के रूप में तैयार कर दिया है ।

३८. अनुत्तरतत्त्वविमर्शिनीवृत्ति—तञ्जौर के पुस्तकालय में इसकी दो प्रतियाँ मिलती हैं । उनके देखने से प्रतीत होता है कि यह 'परात्रिंशिका' के ऊपर अभिनवगुप्त द्वारा लिखी गई संक्षिप्त वृत्ति है ।

इन ३८ कृतियों के अतिरिक्त ३९. 'नाट्यालोचन', ४०. 'परमार्थसंग्रह' और ४१. अनुत्तरशतक का भी अभिनवगुप्त के ग्रन्थों के रूप में नवीन सूचीपत्रों में उल्लेख पाया जाता है किन्तु वे अभिनवगुप्त के ही ग्रन्थ हैं इस बात को निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता है ।

अभिनवगुप्त के जिन ४१ ग्रन्थों या रचनाओं का विवरण ऊपर दिया गया है उनको हम विषय की दृष्टि से तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं—१. दर्शनिक, २. साहित्यिक तथा ३. तान्त्रिक ।

उनकी रचनाओं का सबसे बड़ा भाग तान्त्रिक सिद्धान्तों से सम्बन्ध रखता है । दार्शनिक साहित्य में उनके मुख्यतः तीन ग्रन्थ आते हैं । इनमें से दो प्रत्यभिज्ञादर्शन के सम्बन्ध में लिखे गए हैं और एक गीता के सम्बन्ध में । 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी' और 'ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी' ये दोनों प्रत्यभिज्ञा-दर्शन से सम्बन्ध रखने वाले ग्रन्थ हैं और 'भगवद्गीतार्थसंग्रह' गीता से सम्बन्ध रखने वाला ग्रन्थ है । इसको भी हम अभिनवगुप्त की दार्शनिक कृतियों में मान सकते हैं । उनकी रचनाओं का दूसरा भाग साहित्यशास्त्र से सम्बन्ध रखता है । इसमें 'ध्वन्यालोकलोचन' तथा 'अभिनवभारती' ये दो मुख्य ग्रन्थ आते हैं । 'घटखर्परविवरण' को भी कथञ्चित् इस वर्ग में सम्मिलित किया जा सकता है । अभिनवगुप्त की शेष प्रायः ३४ रचनाएँ तन्त्रशास्त्र से सम्बन्ध रखनेवाली रचनाएँ हैं ।

अभिनवगुप्त की लेखन अवस्था

आचार्य अभिनवगुप्त के एक शिष्य मधुराज योगी ने चार श्लोकों वाले 'ध्यानश्लोक'[१] में अपने गुरु की लेखनावस्था का पूर्ण चित्र प्रस्तुत किया है । यह लेखनचित्र स्वयं में इतना परिपूर्ण और विशद है कि एक कलाकार इसमें उपयुक्त रङ्ग भरने के योग्य हो सकता है । मधुराज योगी का वर्णन इस प्रकार

१. ध्यानश्लोक, १-४

है—अभिनवगुप्त के रूप में देदीप्यमान देवता दक्षिणामूर्ति, जो श्रीकण्ठ के अवतार हैं और कश्मीर आये हुए हैं, हमारी रक्षा करें । आध्यात्मिक आनन्द से युक्त उनकी आँखें घूम रही हैं । उनके मस्तक के बीच में भस्म की तीन रेखायें स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रही हैं । उनके कान रुद्राक्षों के कारण सुन्दर लग रहे हैं । उनके शिर के लम्बे और सुन्दर बाल फूलों की माला से बँधे हुए हैं । उनकी दाढ़ी लम्बी है तथा शरीर से गुलाबी रङ्ग की आभा निकल रही है । उनका गला कर्पूर, कस्तूरी, चन्दन और क्रोकस नामक पुष्प के चूर्ण द्वारा तैयार किये गये लेप से पुते होने के कारण श्याम वर्ण लिए हुए अत्यन्त सुन्दर प्रतीत हो रहा है । उनके शरीर में बाँयी ओर लम्बा और पवित्र यज्ञोपवीत लटक रहा है । वे चन्द्रमा की किरणों के समान रेशमी वस्त्र धारण किये हुए हैं और वीर[१] नामक यौगिक मुद्रा में स्वर्णनिर्मित सिंहासन पर बिछाये गये कोमल मखमली बिछौने पर बैठे हुए हैं । अङ्गूर के बगीचे के मध्य में वे आध्यात्मिक शक्ति रखनेवाले महिला और पुरुष सन्यासियों से घिरे हुए हैं । उनके सम्मुख उनके सभी साधक शिष्य बैठे हुए हैं । क्षेमराज उनके चरणों के पास अत्यन्त एकाग्रमन से बैठकर उनके द्वारा कही गयी सम्पूर्ण बातों को लिख रहे हैं । उनके दाहिने और बाँयें दो महिला दूतियाँ खड़ी हैं । दोनों पात्र (जार) लिये हुए हैं । दोनों दूतियों के दाहिने हाथ में, जार तीन रात्रि तक पानी में भिगोये अन्न को छानने के बाद अवशिष्ट जल[२] से भरा है और ताम्बूल से परिपूर्ण पानदान है । दोनों के बाँयें हाथ में एक सिट्रा (मौसम्बी) का फल और एक कमल का फूल है । आचार्य अभिनवगुप्त अपने दाहिने हाथ में एक रुद्राक्ष की माला धारण किये हुए हैं जो उनके जंघे का स्पर्श कर रही है । उनकी अङ्गुलियाँ परमसत्ता को पकड़ लेने की साङ्केतिक मुद्रा में हैं । वे अपने वाम कमलहस्त के नख के अग्रभाग से वीणावादन कर रहे हैं जो सङ्गीत की मूलध्वनि नाद[३] को उत्पन्न करने में सक्षम है ।

अभिनवगुप्त की अन्तिम जीवन-लीला

अभिनवगुप्त का सम्पूर्ण जीवन साधनापूर्ण और धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत था । वे तान्त्रिक साधना के महान् साधक थे । विशाल आगमशास्त्रों का जितना गम्भीर चिन्तन और विवचेन किया उतना ही उन सिद्धान्तों को उन्होंने अपने जीवन में उतारने का सफल प्रयत्न भी किया था । अतः उनका सम्पूर्ण जीवन ही तन्त्र की साधनाओं का मूर्तरूप बन चुका था । अभिनवगुप्त

---

१. एस.सी.वोल्यूम-४, ४१२

२. एस.सी. ५६८, तन्त्रालोक, आह० २१, श्लोक ११-१३

३. एस. सी. १३७२

के इस प्रकार के महान् आदर्श और अद्भुत जीवन का अन्त अन्य मनुष्यों की तरह स्वाभाविक भला कैसे हो सकता था? उनके जीवन का पटाक्षेप भी वैसा ही महान् और आश्चर्यजनक था । भारतवर्ष के कश्मीर में श्रीनगर और गुलमर्ग के मध्य 'मगम' नामक एक स्थान है । इस स्थान से लगभग पाँच मील दूर 'भैरव कन्दरा' नामक गुफा आज भी विद्यमान है । इस गुफा के समीप एक 'भैरव' नामक छोटा सा गाँव है और इसी गाँव के समीप ही भैरव नामक छोटी सी नदी बहती है । प्रयाग के गङ्गा, जमुना, सरस्वती नदियों के द्वारा सङ्गम निर्माण के समान भैरव गाँव, भैरव गुफा और भैरव नदी तीनों ने एक स्थान पर मिलकर सङ्गमरूप इस स्थल को भैरव के उपासकों के लिए विशिष्ट आकर्षण का पवित्र केन्द्र बना दिया है । इसलिए भैरवावतार अभिनवगुप्त ने अपने जीवन के अन्तिम समय को इसी पवित्र स्थल पर व्यतीत करने का दृढ़ निश्चय किया और यहीं पर आकर साधना करना प्रारम्भ कर दिया । साधना के लिए भैरव गुफा उन्हें सर्वाधिक प्रिय थी । इस गुफा का प्रवेश द्वार इतना बड़ा है कि लगभग पचास व्यक्ति इसमें एक साथ बैठकर शान्तचित्त से अपनी साधना कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त इसमें और भी अनेकों स्थान हैं । इसमें एक-दो व्यक्तियों के बैठने और एकान्त तथा शान्त तपश्चर्या के योग्य तो सैकड़ों स्थान विद्यमान हैं ।

कश्मीर के पण्डितों में इस प्रकार की प्रसिद्धि है अभिनवगुप्त अपने बारह सौ शिष्यों के साथ इस गुफा में प्रविष्ट हुए और पुनः कभी वापस नहीं आये। इस विषय में यद्यपि कोई लिखित प्रमाण प्राप्त नहीं होता है । यह सम्भव हो सकता है कि बारह सौ शिष्य उनके साथ गुफा में प्रविष्ट न हुए हों और अपने अत्यन्त प्रिय एवं महान् योगी को अन्तिम विदाई देने आये रहे हों परन्तु इस बात में कोई सन्देह नहीं हो सकता कि अभिनवगुप्त ने इसी गुफा में अपनी अन्तिम समाधि नहीं ली थी । यह अन्वेषण का विषय है । इस प्रकार भैरवावतार अभिनवगुप्त की महान् और आश्चर्यजनक उत्पत्ति और ज्ञान-साधनादि के समान ही उनके जीवन का अंत भी महान् और आश्चर्यजनक था और ऐसा होना भी चाहिए था और हुआ भी वैसा ही ।

...๑ஃ๑...

Introduction

A Brief Outline History of the Stotras

'स्तोत्रं कस्य न तुष्टये'

'Stotraṁ kasya na tuṣṭaye' according to this statment of the great Poet Kālidāsa, there is no such creature in this world who does not please by his praise. It is also stated in the political books that the being, fearful demon etc. also begin to favour because of Sāma or stuti (praise). Therefore, among the Daṇḍa, Bheda and Dāma etc. manners, sāma or stuti is considered the excellent. Because of this Veda, histories, Purāṇas and the Kāvyas are full of sūktas and stotras. The scholars unanimously accept that Veda is the main source of all true knowledge and every mode of Sanskrit Vāṅmaya. Five primary elements viz the earth, the water, the fire, the sky and the air have been praised many times in the form of sūktas. Agnisūkta, Savitṛsūkta, Varuṇa and Marut etc. sūktas are the burning evidence to this statement. In the post Vaidic period, symbolic natural powers praised in the Vedas in the form of five primary elements, were given figurative form. The word stotra is derived from the root—stu and suffix strun. Hence the meaning is to praise, eulogy, commendation, a hymn of praise, ponegyric.

'Ādityahṛdaya stotra' is the first stotra of (laukika) wordly Sanskrit literature described in the Rāmāyaṇa, the first Mahākāvya composed by the first great poet and the great sage Vālmīki of Laukika Sanskrit, in which Āditya is praised by different names. 'Gaṅgāṣṭakam' stotra in the praise of Goddess Gaṅgā written by sage Vālmīki and the 'Śivatāṇḍava stotra' of the great Paṇḍita Rāvaṇa, contemporary of Lord Rāma, are the most ancient stotras available in Laukika Sanskrit. Just after the Rāmāyaṇa, the Mahābhārata comes in order which is the

second great historical poetry, in which the 'Śrīviṣṇoraṣṭāviṁśatināma stotra' contains description of Lord Viṣṇu's twenty eight names in the dailogue form between Arjuna and Śrī Kṛṣṇa. In the same period another stotra (hymns of priase) namely the 'Śrīviśvanāthāṣṭakam' composed by sage Vyāsa as well as the Mahābhārata and many other Purāṇās. In the same time, in the Bhagavadgītā another stotra viz. 'Sapta Ślokīgīta' is available in the dailogue form between Śrīkṛṣṇa and Arjuna referred to 'Brahmavidyā' Hymns of praise of Lord Viṣṇu by Dhruva in the fourth skandha of ninth chapter of 'Śrīmadbhāgavata Purāṇa' and the praise of the same God by Prahlāda in the seventh skandha of ninth chapter, are also important. The 'Catusślokī Bhāgavata' in the second skandha of ninth chapter referred to Bhagavad-Brahma dailogue and another stotra viz. 'Bhagavatstutiḥ' done by Bhīṣma in the praise of Śrī Kṛṣṇa are the older stotras. In the Araṇya Kāṇḍa of the Adhyātmarāmāyaṇa done by saint Jaṭāyu and in the thirteenth chapter of Yuddhakāṇḍa, praise done by Brahmadeva in the admiration of Rāma are also significant.

The great scholar of the 8th century A.d, God Śaṅkara incarnate, and founder of the Monistic Vedānta philosophy, Śaṅkarācārya has composed many stotras in the praise of different Gods and Goddesses which are fortunately available. The stotras of Ācārya Śaṅkara and many other can be seen in the list coming further. Besides the above stated stotras there are many other in the praise of different Gods and Godesses composed by different scholars namely the Rāmānandācārya, Tulasīdāsa, Yāmunācārya, Brahmānanda swāmin etc. can be seen in the list. The collection of all the stotras is very difficult for us to mention here. Some importatnt stotras and their writers are given below :—

(A) Vinayastotras

Ṣaṭpadī—Śaṅkarācārya

Śrī Hariśaraṇāṣṭakam—Śrī Brahmānanda Swāmī

Nyāsadaśakam—Śrī Veṅkaṭa Nātha

Parameśvarastotram—(?)

(B) Śiva Stotras

Śiva Mānasa Pūjā—Śaṅkarācārya
Śrī Śivāparādhakṣamāpanastotram—Śaṅkarācārya
Vedasāraśivastavaḥ—Śaṅkarācārya
Śivāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Śrīśivapañcākṣarastotram—Śaṅkarācārya
Śivatāṇḍavastotram—Rāvaṇa
Śrīrudrāṣṭakam—Tulasīdāsa
Śrīpaśupatyaṣṭakam—Pṛthvīpati Sūri

(C) Śakti Stotras

Lalitāpañcakam—Śaṅkarācārya
Mīnākṣīpañcaratnam—Śaṅkarācārya
Devyāparādhakṣamāpanastotra—Śaṅkarācārya
Bhavānyaṣṭakam—Śaṅkarācārya
Ānandalaharī—Śaṅkarācārya
Mahālakṣmyaṣṭakam—Śaṅkarācārya
Śrī Sarasvatīstotram—Indra

(D) Viṣṇu Stotras

Śrī Nārāyaṇāṣṭakam—Śrī Kureśa Swāmī
Śrī Kamalāpatyaṣṭakam—Brahmānanda Swāmī
Parameśvara Stuti Sārastotram—Brahmānanda Swāmī
Maṅgalagītam—Jayadeva
Daśāvatārastotram—Jayadeva
Śrī Lakṣmī Nṛsiṁhastotram—Śaṅkarācārya

(E) Rāma stotrāṇi

Śrī Rāmarakṣāstotram—Śrī Budha Kauśika Ṛisi
Śrī Rāmāṣṭakam—Brahmānanda Swāmī
Śrī Sītārāmāṣṭakam—Śrī Acyuta Yatī
Śrī Rāmacandrastutiḥ—Tulasīdāsa
Śrī Rāma Maṅgalaśāsanam—Śrī Varavaramuni
Śrī Rāma Premāṣṭakam—Yāmunācārya
Śrī Rāmacandrāṣṭakam—Śrī Amaradāsa Kavi

(F) **Śrī Kṛṣṇa Stotras**

Śrī Govindāṣṭakam—Brahmānanda Swāmī
Śrī Govindāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Acyutāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Śrī Kṛṣṇāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Govindadāmodarastotram—Śrī Bilvamaṅgalācārya
Madhurāṣṭakam—Śrī Mahāprabhu Ballabhācārya
Śrī Nandakumārāṣṭakam—Śrī Mahāprabhu Ballabhācārya
Catuśślokī—Śrī Viṭṭhaleśvara

(G) **Different Stotras**

Saṅkaṭanāśanagaṇeśastotram—Nāradamuni, Nāradapurāṇa
Sūryāṣṭakam—Said by Lord Śiva
Śrī Sūryamaṇḍalāṣṭakam—Āditya Hṛdayastotra
Śrī Gaṅgāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Śrī Yamunāṣṭakam—Śaṅkarācārya

(H) **Other Scattered stotras**

Parabrahmṇaḥ—Śaṅkarācārya
Śrī Viṣṇoḥ—Śaṅkarācārya
Śrī Rāmasya—Śaṅkarācārya
Śrī Śivasya—Śaṅkarācārya
Śrī Devyāḥ—Śaṅkarācārya
Śrī Gaṇeśasya—Śaṅkarācārya
Śrī Sūryasya—Śaṅkarācārya
Śrī Bhagavadbhaktānām—Śaṅkarācārya
Sādhanāpañcakam—Śaṅkarācārya
Dhanyāṣṭakam—Śaṅkarācārya
Parāpūjā—Śaṅkarācārya
Carpaṭapañjarikāstotram—Śaṅkarācārya
Dvadaśapañjarikāstotram—Śaṅkarācārya

Śivarāmāṣṭakastotram—Rāmānanda Swāmī
Kaivalyāṣṭakam—Kaivalyaśataka
Gaurīśāṣṭakam—Śrī Cintāmaṇī
Saptaślokī Gītā—Śrī Madbhagavadgītā
Catuśślokī Bhāgavatam—Śrīmadbhāgavata Purāṇa 2|9|31-37
Śrīmṛtyuñjayastotram—Padmapurāṇa

There are many more other stotras but the collection of all is very difficult.

The Stotras of Abhinavaguptapādācārya

The Stotras in the praise of Śiva and Śakti created by the great scholar Abhinavaguptapādācārya born in the second half of the 10th century A.D. after Śaṅkarācārya, are available which are translated in Hindi and English in this present edition. Those are ten in numbers. Therefore to give the names of those stotras will be only repetition. His stotras being full of loyal devotion are also philosophic. These hymns of praise include different technical words and principles of Kāśmīra Śaiva philosophy. The universe knowable by sense organs indifferent to the Highest Reality is stated in these stotras. Mere this Highest Reality is Anuttara, Paramārtha, Prapañcottīrṇa (beyond of expansion) and Viśvamūrtisvarūpa (in the form of omnipresent). According to these hymns of praise (stotras) the realisation of that Highest Reality (or supreme consciousness) is the only means of salvation. This line of Anuttarāṣṭikā 'संसारोऽस्ति न तत्त्वतः तनुभृतां बन्धस्य वार्त्तैव का' *('saṁsāroasti na tattvataḥ tanubhṛtāṁ bandhasya vārtaiva kā')* is quoted by Jayaratha in his commentary on the Tantrāloka (3|99). Some lines used by Vedāntins are found quite same as 'मिथ्यामोह कृदेष रज्जुभुजगच्छायापिशाचभ्रमो' *('Mithyāmoha kṛdeṣa rajjubhujaga-cchāyāpiśācabhramo')*. But it does not mean that there is any resemblance of Trika philosophy with the Vedānta about the world. The Ābhāsavada of Trika philosophy and the Vivartavāda of the Vedāntins are quite different theories with each other. The Stotra viz. 'Paramārthadvādaśikā' is known by

another name also viz. 'Advayadvādaśikā' because this line of its second verse 'यद्यततत्त्वपरिचारपूर्वकं तत्त्वमेसितदतत्त्वमेव हि' (*'Yadyatatattvaparicārapūrvakam tattvamesitadatattvameva hi'*) quoted by Ramādvyācārya in his commentary on the 'Bhāvopahāra' of Cakrapāṇini with the introductory remark—'अद्वयद्वादशिकायामपि' (*'Advayadvādaśikāyāmapi'*).

As regards the Stotras, about the first two, viz., the Krama and the Bhairava, we have already spoken in discussing the date of Abhinavagupta. Here it may be added in connection with the latter that in old Paṇḍita families of Kāśmīra there is still current a tradition which says that Abhinava, while entering the Bhairava cave for his last Samādhi, was reciting this Stotra.

In the 'Dehasthadevatācakrastotra' Abhinava shows that the attendant deites of Śiva, mentioned in the Purāṇas, are found associated with him even when he is in the body as a limited self 'शिव एव गृहीतपशुभावः' (*Śiva eva gṛhītapaśubhāvaḥ*). Though in the latter case their names and forms are different yet their functions are the same. For instance, in the Purāṇas he is said to have got two door-keepers, Gaṇeśa and Baṭuka. They accompany him even when he assumes limitations as an individual (Paśupramātā) to guard two of the nine doors of the body. Of course, in this case, they are called Prāṇa and Apāna. Jayaratha echoes this very idea when in his commentary on the Tantrākloka, I, 6, he says the following with regard to Gaṇeśa and Baṭuka—

'अस्य हि प्राणव्याप्तिरस्ति इत्येवं निर्दिशन्ती गुरवः' (*'Asya hi prāṇavyāptirasti ityevaṁ nirdiśantī guravaḥ'*) and

'वस्तुतो हि अपानव्याप्तिरस्यास्ति इत्येवं निर्देशः' (*'Vastuto hi apānavyāptirasyāsti ityevaṁ nirdeśaḥ'*) respectively.

Rahasyapañcadaśikā

The last line of this work says that these fifteen verses were written by Abhinavagupta and the title also refers to number fifteen. The work, therefore, should consist of fifteen verses only. But the manuscript before us contains thirty seven verses.

This makes one doubt the authorship of it. Though in some of his other works also the number of verses actually found is more than there should be, according to his own statement. For instance, the Paramārthasāra contains 105 verses, though his statement at the conclusion of the work is 'In hundred Āryā verses. I have summarised the essential principles of the Trika system' and the Bodhapañcadaśikā consists of sixteen verses, though according to the title there should be fifteen only yet the additional verses, found in these works, admit of explanation but in the present work the number of additional verses is so large, being more than twice the number that there should be according to the author's own statement, one is compelled to think that either it is not a genuine work of Abhinavagupta or that so many verses have been interpolated in it that it is difficult to distinguish the original verses from the interpolated.

